53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 9.0 °c अधिकतम 21.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:10 सूर्यास्त-5:54 | वर्ष : 53/ अंक : 28 बुधवार, 29 जनवरी 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष, अमावस्या | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

देर से बनो, पर जरूर कुछ बनो, क्योंकि लोग ... वक्त के साथ खैरियत नहीं हैसियत पूछते हैं।

केजरीवाल का जहरीला बयान हर दिल्लीवासी के दिमाग को झकझोर रहा है : सुधांशु त्रिवेदी

गालिब ने इसीलिए कहा होगा...
'बक रहा हूँ जुनूँ में क्या क्या कुछ, कुछ न समझे खुदा करे कोई'.....

शहर के बीचों-बीच शाम ढलते ही युवक की हत्या

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बु.)। कहने को तो योगी की पुलिस का खौफ बच्चे-बच्चे में है, मगर ये कैसा खौफ है कि जो जब जैसा चाहता है, वैसा घटना को अंजाम देकर फरार हो जाता है। मंगलवार की शाम नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के टिकैत चौक के निकट स्थित अग्रसेन विहार में सनसनीखेज घटना सामने आई। घटना में कुछ युवकों द्वारा दो युवकों विशाल व अनुज पर लगभग आठ गोलियां दागी गयी, जिसमें विशाल की मौके पर ही मौत हो गयी। विशाल मेरठ के कंकरखेड़ा निवासी बताया गया है, जबकि अनुज शहर के ही अग्रसेन विहार का निवासी है। क्षेत्र के लोगों की मानें तो एकाएक क्षेत्र में सात-आठ गोलियां चलने के बाद जब लोग घरों से बाहर निकले तो एक हॉस्पिटल के निकट गोली लगा विशाल जख्मी हालत में पड़ा हुआ था। आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गयी तो पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को अस्पताल ले आई। अस्पताल में डॉक्टरों ने विशाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि अनुज को आवश्यक उपचार दिया गया। घटना के बाद सीओ नई मण्डी रुपाली राव मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच की तो क्षेत्र के लोगों ने उन्हें खुलकर बताया कि पास ही में एक शराब का अड्डा है, जहां आए दिन लोग शराब पीते हैं और इसी तरह की लड़ाई-मारपीट करते हैं। फिलहाल पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वीडियो खंगाली जा रही है। सीओ का कहना है कि जल्द ही वीडियो के आधार पर आरोपियों को हिरासत में ले लिया जाएगा। देर रात तक पुलिस उक्त मामले और आरोपियों की छानबीन में जुटी थी।

2.4 मेगा पिक्सल और 3.6 एमएम नाइट कलर वीजन कैमरे में सबकुछ है कैद

मुजफ्फरनगर। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि जिस जगह युवक की हत्या की गयी है, वहां एक हाई क्वालिटी 2.4 मेगा पिक्सल और 3.6 एमएम नाइट कलर वीजन कैमरा लगा हुआ है, जिसमें पूरा मामला कैद है और पुलिस इसी कैमरे के आधार पर आगे की कार्यवाही शुरू कर चुकी है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस कैमरे की मदद से सभी आरोपियों की तस्वीर और चेहरे बिल्कुल साफ दिखाई देंगे। इसलिए माना जा रहा है कि जल्द ही हत्यारे पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

मीडिया को घटना की जानकारी देते लोग

दोनों गुटों के बीच 26 जनवरी को भी गुत्थम-गुत्था की मिली सूचना

मुजफ्फरनगर। बताया जा रहा है कि आज की घटना रंजिश के चलते ही हुई है। दबी जुबां में क्षेत्र के लोगों ने बताया कि यह मामला एकाएक घटित नहीं हुआ, बल्कि 26 जनवरी को दोनों गुटों के बीच झड़पें हुई थी, जिसमें दोनों गुटों ने एक दूसरे को देख लेने की धमकी दी थी। माना जा रहा है कि आज की घटना 26 जनवरी की झड़प का रिएक्शन था। मामला क्या है यह तस्वीर तो सम्भवतः कल तक साफ हो जाएगी मगर फिलहाल यह मामला 26 जनवरी को हुई झड़प का ही परिणाम माना जा रहा है।

पत्रकारों को घटना की जानकारी देती सीओ

अलीगढ़ में अंबेडकर प्रतिमा हटाने पर बवाल, जमकर पथराव

अलीगढ़, 28 जनवरी (एजेंसी)। 28 जनवरी की शाम को अलीगढ़ में रोरावर क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर-भीमपुर में 27 जनवरी की रात को लगाई गई आंबेडकर की प्रतिमा को पुलिस द्वारा हटाने पर बवाल हो गया। गुस्साई भीड़ ने पहले पुलिस पर हमला किया और फिर पुलिस कर्मियों की छह बाइकें फूंक दीं जबकि पुलिस के चार पहिया वाहनों में तोड़फोड़ की। भड़की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। हवाई फायरिंग भी की गई। वहीं भीड़ की तरफ से किए गए पथराव में दस से ज्यादा पुलिस कर्मी चोटिल हो गए हैं। गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। एसएसपी समेत सभी आला अफसर कैंप किए हुए हैं।

दरअसल गांव इब्राहिमपुर-भीमपुर में बघेल समाज और अनुसूचित जाति के लोगों के बीच ग्राम समाज की भूमि को लेकर विवाद चला आ रहा है। यहां ग्राम समाज की जमीन के दो प्लॉट खाली पड़े हैं। एक प्लॉट पर 27 जनवरी को बघेल समाज के लोगों ने मंदिर का निर्माण शुरू करा दिया। अनुसूचित जाति के लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से की। पहुंची पुलिस ने मंदिर का निर्माण रुकवा दिया। वहीं 27 जनवरी की रात को दूसरे प्लॉट पर अनुसूचित जाति के लोगों ने आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। बघेल समाज के लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। प्रतिमा को हटवाए जाने की मांग गूंजने लगी। जब लोगों को लगा कि पुलिस प्रतिमा को हटा सकती है तो समाज के लोगों की भीड़ प्रतिमा स्थल को घेरकर बैठ गई। अफसरों ने लोगों को समझा-बुझाकर प्रतिमा हटवाने की कोशिश की लेकिन लोग तैयार नहीं हुए। वहीं इससे गांव में भी तनाव बढ़ रहा था। 28 जनवरी शाम करीब साढ़े छह बजे पुलिस ने यहां से प्रतिमा हटा दी और उसे लेकर जाने लगे। इस पर दो दिन से प्रतिमा स्थल को घेरकर बैठे लोग भड़क गए और पुलिस पर पथराव कर दिया। क्योंकि उस समय पुलिस वालों की संख्या कम थी लिहाजा भीड़ के आगे रुक नहीं पाए भागकर जान बचाई। पुलिस वाले अपने चार पहिया और दोपहिया वाहन वहीं छोड़ भागे। भीड़ ने दोपहिया वाहनों में आग लगा दी जबकि चार पहिया वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। आनन-फानन आसपास के थानों की पुलिस को बुला लिया गया। बवाल बढ़ने पर अलीगढ़-गोंडा मार्ग पर ट्रैफिक को रोक दिया गया। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। करीब छह राउंड हवाई फायरिंग भी हुई है। बाद में पुलिस ने गांव में तलाशी अभियान चलाया। अधिकांश लोग घरों को बंद करके निकल गए थे। भारी पुलिस बल गांव में तैनात कर दिया गया है। एसएसपी संजीव सुमन का कहना है कि बवाल करने वालों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। गांव में फोर्स तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने मीडिया सेल पर बताया कि थाना रोरावर के ग्राम भीमपुर में 26 जनवरी से एक विषय चल रहा था। ग्राम के लोगों ने ग्राम सभा की जमीन पर एक अम्बेडकर जी की मूर्ति की स्थापना रातों रात की, उससे पहले उस काम को थाने के द्वारा रुकवाया गया था। आधा बना हुआ था, उसको रुकवाया गया था। उसके दो-तीन दिन में उन लोगों के द्वारा रात में ही एक मूर्ति की स्थापना कर दी। तब से ही प्रशासन व पुलिस लगातार बातचीत कर रही थी। तभी से फोर्स मौके पर मौजूद रही है।

ग्राम सभा की भूमि पर लगाई गई थी प्रतिमा, आक्रोशित लोगों ने वाहनों को लगाई आग, कई पुलिस वाले घायल

बरात में नाचते हुए घोड़ी ने 6 साल के मासूम को मारी दुलत्ती, मौके पर मौत

कानपुर, 28 जनवरी (एजेंसी)। योगेन्द्र विहार की एक गली में 26 जनवरी की रात बरात निकासी के दौरान एक परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। दरअसल, बरात में घोड़ी ने छह वर्षीय मासूम को दुलत्ती मार दी, जिससे बच्चे का सिर चबूतरे से टकराया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रीजेंसी अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार को बच्चे की मौत हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। योगेन्द्र विहार निवासी ई-रिक्शा चालक सुरेंद्रचंद्र गुप्ता के परिवार में पत्नी स्वाति, 17 वर्षीय बेटा शिवा और छह वर्षीय कृष्णा थे। उन्होंने बताया कि रविवार को उनकी गली में रहने वाले विक्की बाजपेई के बेटे शरद की शादी थी। बरात निकासी के दौरान दूल्हे को महिलाएं मंदिर ले गई थीं। वहीं,उनके घर के बाहर घोड़ी भी खड़ी थी और शादी में शामिल लोग नाच रहे थे। इसी दौरान घोड़ी वाले ने डंडी दिखाकर घोड़ी को भी नाचने का इशारा किया, तभी घोड़ी ने दुलत्ती मार दी, जिससे पीछे खेल रहा कृष्णा उछला और उसका सिर चबूतरे से टकरा गया। यह देख लोगों में चीख-पुकार मच गई। दोनों परिवार के लोग बच्चे को अस्पताल ले गए, जहां बच्चे को एलएलआर अस्पताल ले जाने को कहा गया। स्वजन वहां से सर्वोदय नगर स्थित रीजेंसी अस्पताल लाए, जहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह बच्चे की मौत हो गई। सुरेंद्र ने बताया कि वह पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं। वहीं, दूल्हे शरद के पिता विक्की बाजपेई ने कहा कि घोड़ी पहले गली के मोड़ पर सजी खड़ी थी, लेकिन महिलाओं को नाचते देख पैसों के लालच में उसका मालिक उसे गली में ले आया और लोगों के साथ घोड़ी को भी नचाने के लिए डंडी दिखाने लगा था, जिससे यह हादसा हुआ है।

दो करोड की रंगदारी मांगने पर सशील मंछ के बेटे के पैरों में ठोका पीतल

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बु.)। कुख्यात पचास हजार के इनामी सुशील मूंछ के बेटे को पुलिस ने मंसूरपुर क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि सुशील मूंछ के बेटे अक्षय जीत ने दिल्ली-देहरादून हाइवे पर न्यू मैक्स कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष पर व्हाट्सअप कॉल करके दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष ने हाथोंहाथ सोमवार की रात ही मंसूरपुर थाने में रंगदारी मांगने की तहरीर सुशील मूंछ, उसके बेटे मंजीत उर्फ टोनी व छोटे बेटे अक्षयजीत सिंह उर्फ मोनी व शूटर अमरदीप उर्फ भोलू पुत्र रवीन्द्र निवासीगण मथेड़ी, थाना रतनपुरी के खिलाफ दे दी। तत्काल पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर बाद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अक्षयजीत कार से भागने की फिराक में है, तभी मंसूरपुर थाना प्रभारी उमेश रोरिया व सीओ खतौली रामाशीष यादव मौके पर पहुंचे और दिल्ली-देहरादून हाइवे पर चैकिंग अभियान शुरू किया। इसी दौरान हाइवे स्थित नावला कोठी के पास पुलिस ने संदेह के आधार पर सफेद रंग की आई-20 कार को रोकने का प्रयास किया मगर कार चालक ने भाग जाने की कोशिश की मगर उक्त कार पुलिस के घेरे से नहीं बच पाई। सफेद रंग की आई-20 कार को रोकने के बाद कार सवारों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिस पर आत्मरक्षा में पुलिस को जवाबी फायरिंग करनी पड़ी। जवाबी कार्यवाही में दो बदमाशों के पैर में गोली जा लगी। पूछताछ के बाद पुलिस को पता चला कि पुलिस पर गोली चलाने वालों में एक का नाम अमरदीप उर्फ भोलू, अक्षयजीत उर्फ मोनी जो कि शार्प शूटर है। इनमें अमरदीप उर्फ भोलू अक्षयजीत उर्फ मोनी का शार्प शूटर है। पूछताछ के बाद पुलिस को ज्ञात हुआ कि अक्षयजीत उर्फ मोनी कुख्यात बदमाश इनामी सुशील मूंछ का बेटा है। एसपी सिटी ने यह भी बताया कि मुठभेड़ के बाद आरोपियों के पास 9एमएम की पिस्टल, 315 व 12 बोर का तमंचा, सफेद रंग की आई-20 कार बरामद हुई है।

50 हजार से एक लाख का इनामी हुआ सुशील मूंछ

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर के मंसूरपुर में सुशील मूंछ के बेटे अक्षय जीत उर्फ मोनी को पुलिस द्वारा मुठभेड़ में घायल करने के बाद अब एकाएक कोर्ट से भगौड़े घोषित व प्रदेश स्तर पर चिह्नित माफिया अपराधी सुशील मूंछ पर इनाम की राशि बढ़ाकर एक लाख कर दी गयी है। आपको बता दें कि यह राशि अभी तक पचास हजार रुपये थी। माफिया सुशील मूंछ प्रदेश स्तर पर पंजीकृत गैंग आईएस 199 का लीडर है, जिसकी तलाश में जनपद पुलिस की कई टीमें व एसटीएफ लगाई गयी हैं। कुछ दिन पहले नई मण्डी पुलिस ने सुशील मूंछ की एक सम्पत्ति की कुर्की भी की थी। वर्ष 1997 में नई मण्डी थाने पर माफिया डोन सुशील मूंछ पर गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी, जिसमें मूछ के न्यायालय में उपस्थित न होने के कारण उसे भगौड़ा घोषित किया गया था। लगभग आठ महीने पहले नई मण्डी कोतवाली पुलिस ने हत्या के मामले में पेश न होने के कारण मथेड़ी गांव पहुंचकर उसकी करोड़ों की सम्पत्ति भी कुर्क की थी, जिसके बाद वर्तमान डीआईजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह ने उस पर पचास हजार रुपये का इनाम घोषित किया था, तभी से सुशील मूंछ की तलाश जारी है। सोमवार को न्यू मैक्स डवलपमेंट प्रोजेक्ट कम्पनी के मैनेजर से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में कुख्यात का नाम उजागर होने पर पुलिस ने अपनी कार्यवाही तेज कर दी, जिसके बाद सुशील मूंछ पर अब पचास हजार रुपये की जगह मेरठ जोन के एडीजी डीके ठाकुर ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार माफिया डॉन पर हत्या, लूट, रंगदारी, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर सहित 51 मुकदमे दर्ज हैं।

पिता को गिरफ्तार करने में नाकामयाब रही पुलिस ने बेटे को गिरफ्तार करने में की कामयाबी हासिल

मुजफ्फरनगर। पिछले कई वर्षों से माफिया डॉन सुशील मूंछ को गिरफ्तार करने में पुलिस नाकामयाब ही रही है। मगर एकाएक उसके बेटे अक्षयजीत उर्फ मोनी को दो करोड़ रुपये की फिरोती मांगने के आरोप में मुठभेड़ के दौरान घायल कर दिया गया। पुलिस पिछले कई महीनों से सुशील मूंछ की तलाश में जगह-जगह छापामारी कर चुकी है। मेरठ के सोरखा डबल मर्डर में माफिया सुशील मूंछ व उसके बेटे मनजीत को पुलिस ने नामजद किया था। इस मामले में भी पुलिस पिता-पुत्रों की गिरफ्तारी में जुटी रही। मेरठ डबल मर्डर की घटना में माफिया डॉन ने पुलिस को चकमा देकर अपने बेटे मंजीत का उत्तराखण्ड की कोर्ट में सरेंडर करा दिया था। मंगलवार को फिर एक बार सुशील मूंछ परिवार सुर्खियों में आया और पहली बार इस गैंग के शातिरों की पुलिस से मुठभेड़ हुई है।

शार्प शूटर अमरजीत पर दस आपराधिक मामले हैं दर्ज

मुजफ्फरनगर। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि सुशील मूंछ के बेटे अक्षयजीत उर्फ मोनी पर तो हत्या, गैंगस्टर समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं ही साथ ही इस गैंग के शार्प शूटर अमरदीप पर दस आपराधिक मामले दर्ज हैं। शार्प शूटर पर वर्ष 2013 के बाद से हत्या, गैंगस्टर एक्ट, रंगदारी के साथ साथ कई अन्य मामले दर्ज हुए हैं।

बागपत में मंच गिरने से 7 की मौत, 75 से अधिक घायल

बागपत, 28 जनवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में मंगलवार सुबह श्री दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज में भगवान आदिनाथ के निर्वाण लाडू महोत्सव के लिए बनाया गया लकड़ी का मंच गिर गया, जिसमें सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 75 से अधिक घायल हो गए।

मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि कई पीड़ितों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार यह हादसा बड़ौत शहर कोतवाली क्षेत्र में गांधी रोड पर एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुआ, जो पिछले 25 वर्षों से हर साल आयोजित किया जाता रहा है। महोत्सव के लिए 65 फुट ऊंचा अस्थायी मंच बनाया गया था, लेकिन श्रद्धालुओं की अधिक संख्या के कारण सीढ़ियां गिर गईं। इससे भगदड़ मच गई और कई लोग मलबे में दब गए। मृतकों में तरसपाल (66), अमित (35), अरुण (48), उषा (24), शिल्पी (24), विनीत जैन (40) और कमलेश जैन (65) शामिल हैं जबकि 15 पुलिसकर्मियों समेत घायलों को विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया। हालांकि, तत्काल एंबुलेंस की उपलब्धता न होने के कारण कुछ पीड़ितों को ई-रिक्शा में ले जाया गया। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि मिट्टी में नमी और भारी भीड़ के दबाव के कारण मंच की संरचना ढह गई। प्रशासन घटना की जांच कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने बागपत जिला प्रशासन को राहत प्रयासों में तेजी लाने और घायलों के लिए उचित चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बागपत हादसे का योगी ने लिया संज्ञान, घायलों के इलाज के निर्देश

लखनऊ 28 जनवरी (वार्ता) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बागपत जिले में मंगलवार सुबह हुये हादसे का संज्ञान लेते हुये घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये हैं। श्री योगी ने बागपत में हुए हादसे का संज्ञान लिया और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। गौरतलब है कि बागपत के बड़ौत कस्बे में भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू चढ़ाने को बनाये गये लकड़ी व बांस के पैड के टूट कर गिरने से कई श्रद्धालु घायल हो गये थे। मौके पर जिला और पुलिस प्रशासन की देखरेख में राहत एवं बचाव का कार्य जारी है।

बड़ौत हादसा: घटनास्थल पहुंचे जयंत चौधरी ने घायलों से मुलाकात कर दी सांत्वना

बागपत, 28 जनवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में बड़ा हादसा हुआ है। बागपत में भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर कार्यक्रम के लिए लकड़ी से बना मंच ढह गया।

नीचे दबने से सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 75 से अधिक घायल हैं। हादसे में 15 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। वहीं रालोद सुप्रीमों जयंत चौधरी घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती घायलों को हाल जाना वहीं मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी। बता दें कि आज सुबह बड़ौत शहर कोतवाली इलाके के गांधी रोड पर यह दर्दनाक हादसा हुआ है। श्री दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज के मैदान पर बनाए गए कार्यक्रम में लकड़ी से बना मंच टूट गया। इसके नीचे दबकर सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 75 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। घायलों को अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटनास्थल पर मान स्तम्भ में पहुंचकर केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह ने समाज के लोगों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने घटना को लेकर शोक संवेदना जताई और कहा कि घटना की जांच कराई जाएगी।

पीएम मोदी जल्द जाएंगे अमेरिका, दोनों नेताओं की हुई फोन पर बात

नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फरवरी महीने में अमेरिका का दौरा कर सकते हैं। यह जानकारी सोमवार को अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत के बाद सामने आई, जब ट्रंप ने खुद ही इस बात का खुलासा किया। इससे पहले, व्हाइट हाउस ने बताया कि दोनों नेताओं ने अमेरिका-भारत के रणनीतिक रिश्तों और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्वाड साझेदारी को मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा की योजना पर भी चर्चा की गई। व्हाइट हाउस ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। इस वार्ता में दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग को मजबूत करने और रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाने पर विचार किया। उन्होंने हिंद-प्रशांत, मध्य पूर्व और यूरोप में सुरक्षा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत द्वारा अमेरिकी सुरक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ाने और द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। व्हाइट हाउस ने बताया कि दोनों देशों के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा पर विचार-विमर्श किया। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत बनाना है। व्हाइट हाउस ने अपने बयान में यह भी बताया कि भारत इस साल के अंत में पहली बार क्वाड देशों के नेताओं की मेजबानी करने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा कि अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात करके मुझे बहुत खुशी हुई और उनकी ऐतिहासिक जीत और दूसरे कार्यकाल के लिए उन्हें बधाई दी। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के साथ मिलकर भरोसेमंद और लाभकारी साझेदारी को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

सूजडू में पथराव, कई घायल

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बु.)। खालापार थाना क्षेत्र के सूजडू के मौहल्ला जहांगीर पट्टी में मामूली बात को लेकर दबंग युवकों और महिलाओं ने पड़ोस के ही रहने वाले लोगों पर जमकर पथराव कर दिया, इसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

खालापार थाना क्षेत्र के सूजडू के जहांगीर पट्टी का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कई लोग पथराव के दौरान घायल हुए हैं। वीडियो में एक मकान के ऊपर से कैप्चर की गई है, जिसमें गली में जमकर व महिलाएं गाली-गलौच करते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का बताना है कि उक्त मामले में हमला और पथराव करने वाले युवक और महिलाएं दबंग करने वाले हैं और ये आये दिन लोगों से लड़ाई करते रहते हैं तथा खुलेआम फायरिंग करने जैसी घटनाओं को भी अंजाम देते हैं, जिस कारण क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वीडियो में पथराव व मारपीट करने के बाद चार युवक मोटरसाइकिल पर धमकी देते हुए जाते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। पुलिस वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

सूरज हत्याकांड में जैदी सहित आठ पुलिसकर्मियों को आजीवन कारावास

शिमला, 28 जनवरी (एजेंसी)। साल 2017 में शिमला जिले के कोटखाई में हुए बहुचर्चित गुड़िया दुष्कर्म व हत्या मामले से जुड़े सूरज लॉकअप हत्याकांड में सीबीआई की अदालत ने दोषी करार दिए हिमाचल प्रदेश के आईजी जहूर हैदर जैदी व डीएसपी मनोज जोशी समेत आठ पुलिस कर्मचारियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई की अदालत ने 375 पेज के इस फैसले में दोषियों पर एक-एक लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया है। उम्रकैद की सजा के बावजूद आईजी जैदी अदालत में हंसते नजर आए। जबकि अन्य की आंखें नम हो गई थीं। सजा सुनाए जाने के बाद सभी दोषियों को चंडीगढ़ की बुड़ैल जेल भेज दिया गया। एक महीने में जुर्माना नहीं देने पर अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

भाकियू की महापंचायत को लेकर राकेश टिकैत ने किया नवीन मंडी का निरीक्षण

17 फरवरी को कूकड़ा मंडी में अपनी मांगों को लेकर जमा होंगे किसान, राकेश बोले-मंडियों का अस्तित्व खत्म करना चाहती है सरकार

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बु.)। भारतीय किसान यूनियन की 17 फरवरी को होने वाली महापंचायत को लेकर मंगलवार को भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता व किसान नेता चौ. राकेश टिकैत सहारनपुर मंडल व जनपद के पदाधिकारियों ने नवीन मंडी स्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही ग्रामीण अंचलों से नवीन मंडी में आने वाले गुड़ और शक्कर की आवक के विषय में जानकारी की।

भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि हिमाचल, पंजाब और हरियाणा के किसान अपनी बड़ी पंचायतें मंडी स्थल पर ही करते हैं। ऐसे में इस बार मुजफ्फरनगर महापंचायत के लिए नवीन मंडी स्थल को चुना गया है। उन्होंने कहा कि किसान और सरकार के बीच मंडियों को लेकर एक बड़ा संघर्ष जारी है। किसी समय में इन मंडियों में पूरी चहल पहल हुआ करती थी, लेकिन अब देखने पर पता चलता है कि बहुत सी दुकानों पर तो ताले पड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अब सरकार चाहती है कि मंडियां समाप्त हो जाए और मंडियों की भूमि की खरीद फरोख्त की जाये या लीज पर दी जाए, लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। सरकार इन मंडियों को लेकर नीतियां भी तैयार कर रही है, लेकिन सरकार की मंडियों को समाप्त करने की मंशा पूरी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान का मंडी के साथ पुराना रिश्ता है, जो आगे भी कायम रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस तरह की अनेकों महापंचायत की जाएगी, जिनकी घोषणा प्रयागराज किसान राष्ट्रीय चिंतन शिविर अधिवेशन में की गई है, इससे अनुभव होता है कि आने वाली 17 फरवरी को मुजफ्फरनगर में एक बार फिर बड़ी महापंचायत में किसानों का जमावड़ा भी लगने वाला है। इस दौरान मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष चौधरी नवीन राठी, मंडल अध्यक्ष सहारनपुर अशोक कुमार, पश्चिम उत्तर प्रदेश महासचिव योगेश शर्मा, राजीव तोमर, प्रमोद अहलावत, अशोक घटायन, विकास चौधरी, हैप्पी बालियान, दिव्यांश चौधरी, कय्यूम अंसारी आदि मौजूद रहे।

वेलेंनटाइन डे पर किसानों से बात करेगी केंद्र सरकार, डल्लेवाल ने बुलाई महापंचायत

पटियाला, 28 जनवरी (एजेंसी)। शंभू व खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन को लेकर 14 फरवरी को किसानों और केंद्र सरकार के बीच बैठक होगी। फसलों की एमएसपी कानूनी गारंटी को लेकर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन लगातार जारी है। मंगलवार को डल्लेवाल के अनशन को 64 दिन हो गए हैं। मंगलवार सुबह 10 बजे डल्लेवाल ने देश के किसानों के नाम संदेश जारी करते कहा कि मोर्चे को इस मुकाम तक पहुंचाने का कार्य वाहेगुरु ने किया है और सभी अरदास करते हैं कि भविष्य में भी मोर्चे को मजबूती बख्शें। डल्लेवाल ने बताया कि आज मोर्चे पर अखंड पाठ साहिब की शुरूआत हुई है और 30 जनवरी को भोग पड़ेंगे। इस दिन किसान बड़ी संख्या में मोर्चे पर पहुंचेंगे। डल्लेवाल ने कहा कि 14 फरवरी को केंद्र सरकार के साथ होने वाली बैठक में शामिल होने की इजाजत उनका शरीर उन्हें नहीं दे रहा है। हालांकि सेहत में आगे से सुधार है, लेकिन शरीर में कमजोरी काफी है। परंतु सभी लोगों की भावना के अनुसार वह बैठक में शामिल होने का प्रयास अवश्य करेंगे। डल्लेवाल ने भावुक अपील करते कहा कि मोर्चे के एक साल पूरा होने पर 12 फरवरी को खन्नौरी बार्डर पर किसान महापंचायत आयोजित की जा रही है। इसमें बड़ी संख्या में किसान पहुंचें, जिससे उन्हें ऊर्जा मिल सके और वह आगे भी इसी तरह से किसानों के हक की लड़ाई लड़ते रहें।

मोरना ब्लॉक पर हुई बैठक में उठा जनकल्याण का मुद्दा

ब्लॉक प्रमुख अनिल ने बीडीसी से किया विकास में भागीदारी करने का आह्वान

भोपा, 28 जनवरी (बु.)। खण्ड विकास कार्यालय परिसर मोरना में आयोजित क्षेत्र पंचायत सदस्यों की मीटिंग में अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी तथा ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्यों से विकास में सहभागिता की अपील की गई। बैठक में ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्यों व ग्रामीणों को ग्रामीण आवास योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास को लेकर सरकार अनेक योजनाएं चलाये हुए है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, स्वच्छता, सड़क निर्माण, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने सहित आवास व अनेक प्रकार की पेंशन आदि का लाभ प्रत्येक लाभार्थी को मिल रहा है। ब्लॉक के प्रत्येक गांव में आवास योजना का सर्वे चल रहा है, जिसमें ग्रामीण अपना सहयोग देकर योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। बीडीसी सदस्य विकास कार्यों में अपनी सहभागिता को सुनिश्चित करें। ग्रामीण प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ उठाएं। बीडीओ अक्सीर खान ने कहा कि ग्रामीणों को जागरूक कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं। एडीओ पंचायत योगेशदत्त त्यागी ने शौचालय, ओडीएफ प्लस व एडीओ समाज कल्याण सुधीर बालियान ने शादी अनुदान, पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्वयं सहायता समूह गठन, एडीओ कृषि अंकुल कुमार शर्मा ने फार्मर रजिस्ट्री, किसान सम्मान निधि सहित सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में मनरेगा, कृषि विभाग, सिंचाई सम्बंधित समस्या, सहकारिता विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, बाल विकास परियोजना के पोषाहार/कुपोषण की रोकथाम, अल्प बचत आदि योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष रविन्द्र उर्फ छोटा प्रधान, मनोज वालिया, आबिद प्रधान, असलम खान, फरमान, जावेद, राजकुमार प्रधान, एडीओ सुरेन्द्र सिंह, मुनेश आदि मौजूद रहे।

इंटर में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र-छात्रा को किया सम्मानित

शाहपुर, 28 जनवरी (बु.)। क्षेत्र के गांव सोरम निवासी एक दंपति ने गांव में इंटरमीडिएट में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। क्षेत्र के गांव सोरम निवासी जयप्रकाश व उनकी पत्नी चंद्रबाला सहित परिवार के अन्य लोग अपने बाबा स्व. फूल सिंह की स्मृति में प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस पर गांव में इंटरमीडिएट की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र व छात्रा को इक्यावन हजार रुपये का चैक व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित करते हैं, जिसके अंतर्गत वर्ष 2024 में कस्बे के आर्य एकेडमी इंटर कॉलेज के छात्र प्रियांशु बालियान ने गांव में सर्वाधिक 81.2% अंक प्राप्त किए थे। दंपति ने परिवार की वयोवृद्ध महिला रामो देवी के कर कमलों से गणतंत्र दिवस पर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी छात्र को प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अन्य गांव के लोगों को भी आगे आकर अपने अपने गांव के मेधावी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करना चाहिए। कॉलेज के प्रबंधक सुघोष आर्य व प्रधानाचार्य उर्मिला सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विद्यालय मवाना चीनी मिल के सीनियर जीएम प्रमोद बालियान, रक्षित बालियान, प्रमोद कुमार के अलावा समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

बुराड़ी हादसे में 8 साल की बच्ची समेत 5 की मौत

नई दिल्ली, 28 जनवरी (एजेंसी)। दिल्ली के बुराड़ी इलाके में सोमवार शाम को एक बड़ा हादसा हुआ, जब कौशिक एनक्लेव के पास एक 5 मंजिला अंडर कंस्ट्रक्शन इमारत अचानक गिर गई। इस घटना में अब तक पांच लोगों की जान चली गई, जिसमें एक 8 साल की बच्ची भी शामिल है। इसके अलावा, करीब 12 लोग घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के तुरंत बाद पुलिस, दमकल विभाग और अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। मलबे से अब तक 12 लोगों को जिंदा निकाला गया है। उत्तरी दिल्ली के डीसीपी राजा बनथिया ने बताया कि बचाव अभियान रातभर जारी रहेगा। हालांकि, इमारत गिरने के कारणों के बारे में अभी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है, और इसे लेकर एमसीडी जांच करेगी। बताया जा रहा है कि यह इमारत पिछले एक साल से निमार्णाधीन थी और इसमें फिनिशिंग का काम चल रहा था। हादसे के समय, मजदूर पास के खाली इलाके में बने किराए के कमरों में रह रहे थे। मलबा गिरने से बड़ी संख्या में लोग दब गए, जिससे स्थिति गंभीर हो गई।

कश्मीर के छह स्थानों पर एनआईए ने की छापामार कार्यवाही

श्रीनगर, 28 जनवरी (एजेंसी)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आज बुधवार को कश्मीर में कई इलाकों में छापेमारी की, जिससे एक आतंकवादी साजिश मामले में जांच तेज हो गई। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर, सोपोर और बडगाम में तलाशी की जा रही है। इन छापों का संबंध 7 फरवरी, 2024 को श्रीनगर के शल्ला कदल इलाके में दो गैर-स्थानीय श्रमिकों की हत्या से है। पंजाब के रहने वाले अमृतपाल सिंह और रोहित मसीह को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक सहयोगी संगठन, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के आतंकवादियों ने गोली मार दी थी। इस हत्याकांड के बाद, एनआईए ने अगस्त 2024 में लश्कर-ए-तैयबा के पाकिस्तान स्थित हैंडलर सहित चार आतंकवादियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दायर किया। आरोप पत्र के अनुसार, आदिल मंजूर लंगू नामक संगठन से जुड़े एक आतंकवादी ने कथित तौर पर दो श्रमिकों पर गोलियां चलाईं। सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मसीह अगले दिन शहीद हो गए। लंगू के अलावा, एनआईए ने जम्मू में एक अदालत में दायर आरोप पत्र में अहरान रसूल डार उर्फ तोता और दाऊद और उनके पाकिस्तान स्थित हैंडलर जहांगीर उर्फ पीर साहब को भी नामजद किया है।

राजस्थान भाजपा ने 11 जिलों के अध्यक्ष घोषित किए

जयपुर, 28 जनवरी (एजेंसी)। राजस्थान में भाजपा ने बड़ी मशक्त के बाद 11 जिलों के जिलाध्यक्ष घोषित किये हैं। जिसमें जोधपुर, बाड़मेर और कोटा जिला शामिल है। इस लिस्ट के लिए कई दिनों से रस्साकसी चल रही थी। अब जब इन जिलों के अध्यक्ष की लिस्ट आ गई है तो इसे भी लेकर सियासी माहौल गर्म है। जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा करने वालों में मंत्री और भाजपा अध्यक्ष के नाम शामिल है। जिला अध्यक्षों के नामों की लिस्ट धीरे धीरे आ रही है। जबकि, यह लिस्ट काफी देर हो चुकी है। इसे दिसंबर में ही घोषित होनी चाहिए था। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने 9 जनवरी तक लिस्ट के घोषणा होने की बात कही थी।

यूपी मदरसा बोर्ड परीक्षाओं का दौर 17 फरवरी से शुरू

लखनऊ, 28 जनवरी (एजेंसी)। मदरसा शिक्षा परिषद की मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी), आलिम (सीनियर सेकेंडरी) की परीक्षाएं 17 से 22 फरवरी तक संचालित की जाएंगी। मदरसा बोर्ड ने परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। परीक्षाओं में इस बार 88,200 परीक्षार्थी शामिल होंगे। मदरसा बोर्ड की सेकेंडरी (मुंशी/मौलवी), सीनियर सेकेंडरी (आलिम) की परीक्षाओं में 88,200 परीक्षार्थी शामिल होंगे। मदरसा बोर्ड की कामिल और फाजिल की डिग्री पर सुप्रीम कोर्ट की रोक लगने के बाद मदरसा बोर्ड इस बार मुंशी/मौलवी और आलिम की परीक्षा संपन्न कराने जा रहा है।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- दैया 1350, रसकट दैया 1230-1245, चाकू 1370-1440, लड्डू 1410-1425, खुरपापाड़ 1320-1340, शक्कर मसाला 1400-1415। आमद- 5000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 29 जनवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	82150	चांदी-	91700
सिक्का-	10500	गिन्नी-	61390

आपका आज का राशिफल

बुधवार, 29 जनवरी, 2024

मेष- आत्मसंयम से कार्यसिद्धि, निराशा का समापन, अध्यावसाय की ओर रुझान, मान-सम्मान में वृद्धि, जीवन साथी से सामंजस्य, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

वृषभ-व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, समस्या के समाधान में स्वयं का निर्णय लाभदायक, सद्विचारों का उदय, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्पर्क का लाभ।

मिथुन- आज दिन 10/04 बजे तक मानसिक अशांति, विश्वासघात की आशंका, यात्रा में असुविधा, शेष समय में इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त, सुसंदेश।

कर्क- आज दिन 10/04 बजे तक सफलता, आर्थिक व्यापारिक प्रगति, धार्मिक कार्यों में रुचि, प्रसन्नता भी, शेष समय में शंका-कुशंका प्रभाव, प्रतिष्ठा पर आघात।

सिंह- समझदारी से किया गया निर्णय लाभदायक, नवसम्पर्क से कुछेक मसले हल, आय के नवीन स्त्रोत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, दूर या समीप की यात्रा।

कन्या-साहसिक प्रयास प्रगति पर, वाद-विवाद की निवृत्ति, शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति की अनुभूति, लाभ का मार्ग प्रशस्त, दूसरों के आश्वासनों से राहत।

तुला- आज दिन 10/04 बजे तक ग्रहस्थिति विपरीत, जोखिम से हानि, व्यावसायिक निराशा, शेष समय में उत्तरदायित्व की पूर्ति, सफलता, मनोविनोद।

वृश्चिक- आज दिन 10/04 बजे तक व्यवस्थित, व्यक्तित्व का विकास, इच्छाशक्ति जागृत, यात्रा सफल, शेष समय में प्रतिकूलता, कार्य अधूरे, भाग्य में न्यूनता।

धनु- व्यावसायिक पक्ष में उन्नति का मार्ग प्रशस्त, अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, धर्म अध्यात्म की ओर अभिरुचि, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम।

मकर- समस्या का समाधान पक्ष में, आय के नवीन स्त्रोत, जिम्मेदारियों को निभाने के लिए व्यय, शुभ समाचार की प्राप्ति से हर्ष, संभावित यात्रा संतोषजनक, धनागम।

कुम्भ- आज दिन 10/04 बजे तक व्यवधान, शारीरिक कष्ट, मित्रों से मतभेद, दुर्घटना की आशंका, शेष समय में आर्थिक प्रगति, योजना कार्यान्वयन, राजकीय लाभ।

मीन- आज दिन 10/04 बजे तक सफलता, आरोग्य सुख, शुभ भावनाओं का उदय, मनोरथ सिद्धि, शेष समय में जोखिम के कार्य से नुकसान, वैचारिक अस्थिरता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

कवि श्याम सुन्दर शर्मा व डॉ. उमाकान्त शुक्ल सृजन को मनीषी अलंकरण

आचार्य पं. सीताराम चतुर्वेदी के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम संपन्न

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बु.)। अभिनव भारत की उपाधि से विभूषित आचार्य पं. सीताराम चतुर्वेदी के जन्मोत्सव पर वेदपाठी भवन में आयोजित सृजन मनीषी अलंकरण श्रृंखला समारोह में इस वर्ष सुविख्यात कवि श्याम सुन्दर शर्मा अकिंचन एवं डॉ. उमाकान्त शुक्ल को सृजन मनीषी अलंकरण से सम्मानित किया गया। सोमवार को वेदपाठी भवन पंचमुखी में आयोजित अखिल भारतीय विक्रम परिषद काशी मुजफ्फरनगर द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्याम सुन्दर शर्मा अकिंचन एवं डॉ. उमाकान्त शुक्ल, प्रियशील चतुर्वेदी, रत्न गुरू, पुष्पेन्द्र अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल व नरेन्द्र बोस द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले कवि श्याम सुन्दर शर्मा छाता मथुरा के निवासी हैं, इन्होंने लाडली शतक, पाती की प्रतिक्रिया ब्रजभाषा, किनारों की वेदना, प्रीत पांखुरी, गीत गंगा में स्थापित कवि के रूप में सहभागिता निभाई। इन्हें नगररत्न, कविता, कालिन्दी सम्मान, सृजन भारती सम्मान, अनुभूति सम्मान, त्रिवेणी सम्मान, सूर सम्मान, डॉ. शुभम नारायण पांडेय सम्मान, ब्रज विभूति सम्मान, ब्रज भूषण भाषा सम्मान तथा भिन्न- भिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं साहित्यकार डॉ. उमाकान्त शुक्ल ने मङ्गाल्या, परीष्टिदर्शनम, चाङ्गेरिका, कूहा स्मृति पच्चाशिका, चैतः पच्चाशिकर, अनुबोध पच्चाशिका रचनाएं लिखी है।

इस कार्यक्रम में कवि सम्मेलन में ओंकार गुलशन, नेमपाल प्रजापति, सुशीला शर्मा, ब्रज किशोर चतुर्वेदी, ऋषिराज राही, सन्तोष शर्मा एड. ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप जैन, डॉ. सुभाष शर्मा, अलका जैन, प्रदीप शर्मा, अनिल रॉयल, प्रदीप शर्मा, संजय सक्सेना, वैभवशील चौधरी, सुनील उपाध्याय, विश्व रत्न, सुशील, मुनीष शर्मा, निहार रंजन सोनी, प्रदीप सैनी, योगेश जैन, प्रदीप, अवि वर्मा, उत्तम वर्मा, मोनू बंसल, सौरभ गौतम आदि मौजूद रहे।

भगवान आदिनाथ के निर्वाण महोत्सव पर किया अभिषेक

शाहपुर, 28 जनवरी (बु.)। क्षेत्र के गांव सोरम में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने भगवान आदिनाथ के निर्वाण महोत्सव पर निर्वाण लाडू चढ़कर विशेष पूजा-अर्चना की। क्षेत्र के गांव सोरम में स्थित अति प्राचीन श्री दिगंबर जैन 1008 आदिनाथ मंदिर में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के निर्माण महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में कस्बे के जैन समाज के श्रद्धालुओं ने विश्व शांति की कामना हेतु शांति धारा करने के साथ अभिषेक किया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान आदिनाथ की विशेष पूजा-अर्चना कर सामूहिक रूप से भगवान आदिनाथ का निर्वाण लाडू चढ़ाया। जैन समाज के मदन जैन ने बताया कि गांव सोरम स्थित श्री दिगंबर जैन 1008 आदिनाथ मंदिर अति प्राचीन मंदिर है, जो अतिश्यकारी है। मंदिर में पूजा-अर्चना करने से परिवार में सुख, शांति व समृद्धि होती है। कार्यक्रम के उपरांत सामूहिक जलपान का आयोजन किया गया। इस दौरान सतीश जैन, राकेश चंद्र जैन, संजीव जैन, ललित जैन, विक्की जैन, अमित जैन, उमंग जैन, आगम जैन, वैभव जैन व पुनीत जैन आदि सहित दर्जनों जैन समाज के महिला पुरुष व बच्चे शामिल रहे।

शरई कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची मुस्लिम महिला

नई दिल्ली, 28 जनवरी (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट में एक मुस्लिम महिला ने याचिका दायर कर मांग की है कि उसे शरीयत कानून में विश्वास नहीं है और वह चाहती है कि उस पर उत्तराधिकार कानून लागू हो। महिला की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है और सरकार का इस मुद्दे पर पक्ष पूछा है। केरल के अलप्पुझा की रहने वाली एक महिला साफिया पी एम ने यह याचिका दायर की है। याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता महिला का कहना है कि वह इस्लाम को नहीं मानती, लेकिन अभी भी उसने आधिकारिक रूप से इस्लाम को नहीं छोड़ा है। वह चाहती है कि संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत उसे धर्म का अधिकार मिले और साथ ही धर्म पर विश्वास न करने का भी अधिकार मिले। महिला ने अदालत से ये भी मांग की है कि जो व्यक्ति मुस्लिम पर्सनल लॉ को नहीं मानना चाहता, उस पर देश के धर्मनिरपेक्ष कानून लागू होने चाहिए। वकील प्रशांत पद्मनाभन ने याचिकाकर्ता की तरफ से यह याचिका अपील की है। महिला ने याचिका में कहा कि शरीया कानून के तहत, अगर कोई व्यक्ति इस्लाम में विश्वास नहीं रखता है तो उसे समुदाय से बेदखल कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में उसे अपने पिता की संपत्ति में हिस्सा नहीं मिल पाएगा। अभी की स्थिति में महिला पर उत्तराधिकार कानून लागू नहीं हो सकता। केंद्र सरकार की तरफ से अदालत में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 'याचिका में रोचक सवाल उठाया गया है।' मेहता ने कहा कि 'याचिकाकर्ता महिला एक पैदाइशी मुस्लिम है। उनका कहना है कि वे शरीयत कानून में विश्वास नहीं रखती और यह एक पिछड़ा हुआ कानून है।'

आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल पर मुकदमा चलाने को दी गई मंजूरी

कोलकाता, 28 जनवरी (एजेंसी)। सीबीआई ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसे आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के खिलाफ कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में मुकदमा चलाने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार से मंजूरी मिल गई है। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई कर रही विशेष अदालत को निर्देश दिया कि वह अगली सुनवाई की तारीख से एक हफ्ते के भीतर आरोप तय करने के लिए सभी प्रयास करे। उन्होंने विशेष अदालत को निर्देश दिया कि वह गवाहों की सूची को ध्यान में रखे और उसके अनुसार समय-सारिणी तय करे, ताकि मामले की सुनवाई में तेजी लाई जा सके और इसे जल्द से जल्द तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाया जा सके। जांच की प्रगति पर सीबीआई की तरफ से अदालत के समक्ष एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

शुभाशीष समारोह में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुत की अपनी उत्कृष्ट कला प्रतिभा

शाहपुर, 28 जनवरी (बु.)। कस्बे के शिक्षण संस्थान आर्य एकेडमी इंटर कॉलेज में शुभाशीष समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कस्बे के शिक्षण संस्था आर्य एकेडमी इंटर कॉलेज में आयोजित शुभाशीष समारोह का शुभारंभ कॉलेज के प्रबंधक सुघोष आर्य ने किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि कॉलेज में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह को शुभाशीष समारोह के रूप में मनाया जाता है, जिसमें कॉलेज प्रबंध तंत्र व शिक्षकगण छात्र-छात्राओं को शुभ आशीष देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। उन्होंने कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं से कहा कि वह कड़ा परिश्रम कर बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर कॉलेज के साथ-साथ अपने गांव व माता-पिता का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के अलावा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर्स के सम्मान में विदाई गीत सुनाया, तो कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोग भावुक हो गए। प्रधानाचार्य उर्मिला सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष पंवार, प्रदीप आर्य, विपिन कुमार, सुलभ कुमार, शशिकांत, विकास कुमार, श्रुति त्यागी, प्रगति चौधरी व शारदा शर्मा आदि का योगदान रहा।

लाला लाजपत राय की जयंती पर याद किए गए लालाजी, गौरव स्वरूप ने किया माल्यार्पण

लाला जी के जीवन संघर्ष को याद करते हुए उनके आदर्श अपनाने की अपील

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बु.)। मंगलवार को नगर क्षेत्र के प्रकाश चौक पर पंजाब के शेर लाला लाजपत राय जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान स्मारक पर जिला वैश्य अग्रवाल महासभा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में समाज के जिम्मेदारों ने प्रतिभाग करते हुए माल्यार्पण किया। इस दौरान महासभा से जुड़े पदाधिकारियों ने लाला जी के जीवन और उनके सिद्धांतों को याद करते हुए उनके सपनों के भारत निर्माण का संकल्प दोहराया। प्रकाश चौक पर आयोजित किए वैश्य अग्रवाल समाज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप रहे। उन्होंने कहा कि 28 जनवरी, 1865 को जन्मे लाला लाजपत राय ने सदैव राष्ट्रवाद, एकता व ताकत की विरासत बनाई। वह एक स्वतंत्रता सेनानी थे जो भारत की आजादी में दृढ़ विश्वास रखते थे, उन्होंने अपना पूरा जीवन इस उद्देश्य के लिए समर्पित कर दिया और स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उनके उदार विचारों व हिंदू मान्यताओं को उनके माता-पिता ने आकार दिया था, जिसका उपयोग उन्होंने राजनीति और पत्रकारिता लेखन के माध्यम से भारतीय नीति और धर्म में सुधार के लिए किया था। इस दौरान अध्यक्ष सुनील सिंघल, महामंत्री नवनीत कुच्छल, कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल, उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, मामचंद, सुमित, राजीव, धर्मेन्द्र तायल, सभासद देवेश कौशिक आदि मौजूद रहे।

52 करोड़ का सोना खपाने वाला करोड़पति पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ गिरफ्तार

भोपाल, 28 जनवरी (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के भोपाल में काली कमाई के धनकुबेर और पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ शर्मा को फिल्मी अंदाज में गिरफ्तार किया है। हालांकि, लोकायुक्त पुलिस सौरभ शर्मा को आज किसी भी वक्त कोर्ट में पेश कर सकती है। सौरभ शर्मा लोकायुक्त के छापे के बाद से ही फरार था। कल यानि सोमवार को सौरभ शर्मा दोपहर 12 बजे अपने वकील के साथ कोर्ट में आया। उसने सरेंडर करने के लिए एप्लीकेशन दी। जज ने कहा कि आपके पास डायरी नंबर नहीं है। इसे लेकर कोर्ट ने लोकायुक्त की टीम से संपर्क किया। फिर लोकायुक्त की टीम दोपहर 3 बजे कोर्ट आई। उसके बाद पुलिस ने सौरभ शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। आज पुलिस सौरभ का मेडिकल करवाने के बाद उसे कोर्ट में पेश कर सकती है। सौरभ शर्मा की गिरफ्तारी के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि वो कई बड़े राज खोल सकता है। भोपाल में आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के कई ठिकानों पर 9 दिन में तीन जांच एजेंसियां ईडी, लोकायुक्त और आयकर विभाग ने छापे मारे थे। छापेमारी के दौरान सौरभ के इन ठिकानों से 93 करोड़ से अधिक की संपत्ति मिली थी, जिसमें 52 किलो सोना और 11 करोड़ कैश भी थे। लोकायुक्त की पहले दिन की छापेमारी में सौरभ शर्मा के दो ठिकानों से 4 करोड़ रुपये कैश, 245 किलो चांदी समेत कई प्रॉपर्टी के दस्तावेज और नोट गिनने वाली 7 मशीनें मिली थी।

कार की टक्कर लगने से बाइक सवार तीन युवक घायल, एक गंभीर

**शाहपुर, 28 जनवरी (बु.)। क्षेत्र के गांव काकड़ा के पास कार की टक्कर लगने से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। तितावी थाना क्षेत्र के गांव करवाड़ा निवासी निकेश, मोहित व अंकित बाइक पर सवार होकर कस्बे में आ रहे थे, जब वह गांव काकड़ा के पास पहुंचे, तो सामने से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल में

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

नायब सिंह सैनी और केजरीवाल

केजरीवाल एक सफेद झूठ बोलकर फंस गए। हरियाणा के मुख्यमन्त्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि केजरीवाल तुरंत माफी मांगें नहीं तो मानहानि केस कर दिया जाएगा। केजरीवाल के इस बयान की चौतरफा निन्दा हो रही है। सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है। यूँ तो सभी नेता चुनाव प्रचार में कुछ न कुछ बोलते ही हैं, लेकिन सत्ता जाने के डर से कोई इतना झूठ भी बोल सकता है, यह हैरानी की बात है। केजरीवाल के इस झूठे बयान से यह साफ हो गया है कि केजरीवाल, झूठ बोलने की रेस में सबसे आगे हैं। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा गंदी राजनीति करके दिल्ली के लोगों को प्यासा रखने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा के लोग यमुना नदी के पानी में जहर मिला रहे हैं और इसे दिल्ली भेज रहे हैं। अगर दिल्ली के लोग यह पानी पीएंगे, तो कई लोग मर जाएंगे। क्या इससे ज्यादा घिनौना कुछ हो सकता है? केजरीवाल के आरोपों पर भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि हरियाणा सरकार निश्चित रूप से केजरीवाल को अदालत में ले जाएगी। हम उनके और उनकी पार्टी के खिलाफ निर्वाचन आयोग का दरवाजा भी खटखटाएंगे। हरियाणा के मुख्यमन्त्री नायब सिंह सैनी ने केजरीवाल की आलोचना करते हुए कहा कि निराधार आरोप लगाना और दूसरों पर दोष मढ़ना उनकी आदत है। केजरीवाल के इन आरोपों को दिल्ली जल बोर्ड की सीईओ शिल्पा शिंदे ने खारिज किया है। उन्होंने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से हरियाणा पर यमुना नदी में अमोनिया छोड़ने के आरोपों का खंडन किया। जल बोर्ड की सीईओ शिल्पा शिंदे ने दिल्ली के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर केजरीवाल के इन आरोपों को तथ्यहीन, निराधार और भ्रामक बताया। शिल्पा शिंदे ने पत्र में कहा कि इस प्रकार के झूठे बयान दिल्लीवासियों में डर फैलाने का काम करते हैं और साथ ही यह राज्यों के बीच संबंधों पर नकारात्मक असर डालते हैं। उन्होंने इस मामले को उपराज्यपाल के ध्यान में लाने का अनुरोध किया है, क्योंकि यह अंतरराज्यीय संबंधों को प्रभावित कर सकता है। पत्र में कहा गया है कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में मीडिया में यह बयान दिया था कि हरियाणा सरकार ने दिल्ली पहुंचने वाले यमुना के पानी में जहर छोड़ दिया है। इसके अलावा, उन्होंने चुनाव आयोग को एक पत्र भी लिखा था, जिसमें इसे 'जल आतंकवाद' करार दिया था। जल बोर्ड ने केजरीवाल के इन बयानों को पूरी तरह से गलत और भ्रामक बताया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी को खरी-खरी सुनाई है। नायब सिंह सैनी ने अरविंद केजरीवाल के इस दावे को खारिज कर दिया कि उनके राज्य में बीजेपी सरकार जानबूझकर औद्योगिक कचरे को यमुना में बहाने को बढ़ावा दे रही है। सैनी ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि निराधार आरोप लगाना और दूसरों पर दोष मढ़ना उनकी आदत है। सैनी ने कहा कि केजरीवाल को बेबुनियाद आरोप लगाने और फिर भाग जाने की आदत है। एक कहावत है 'थूको और भाग जाओ'। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सोनीपत से दिल्ली को पानी की आपूर्ति करता है। इसका निरीक्षण कोई भी कर सकता है कि हम दिल्ली को किस तरह की जल आपूर्ति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने आप सरकार से उनके मुख्य सचिव को भेजने को कहा है। मैं भी अपने मुख्य सचिव से पानी की गुणवत्ता की जांच करने को कहूंगा। मुख्यमन्त्री नायब सैनी ने यह भी कहा कि आप दिल्ली में अक्सर पानी की कमी की बात करती है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा की तरफ से कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि पानी की कोई कमी नहीं है। अगर कोई कमी है, तो वह उनकी इच्छा शक्ति है उनका जल वितरण ठीक नहीं है। पिछले 10 वर्षों से केजरीवाल जल का उचित वितरण सुनिश्चित नहीं कर पाए हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि दिल्ली जल बोर्ड के इंजीनियरों ने पानी को दिल्ली आने से रोक दिया, क्योंकि उन्हें पता चला कि इसमें जहर है। मैं अरविंद केजरीवाल से पूछना चाहता हूं कि यह किस दिन की बात है और जो पानी रोका गया वो कहां गया? इंजीनियर्स कौन सी जांच कर के इस निष्कर्ष पर आए हैं? कौन सा और कितना टन जहर नदी में डाला गया है? नायब सिंह सैनी ने और भी सवाल दागे, क्या दिल्ली जल बोर्ड ने नदी के बीच कोई दीवार बनाई, जिससे पानी रोका गया हो? वह दीवार कहां है और नदी की कितनी मछलियां मरी हैं? हरियाणा के लोग यमुना को पवित्र नदी मानते हैं और इसकी पूजा करते हैं। भला कोई नदी के पानी में जहर क्यों मिलाएगा? केजरीवाल झूठ बोल कर दिल्ली की जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं। सीएम सैनी ने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि हरियाणा पर जो बेबुनियाद, शर्मनाक, मनघड़ंत आरोप लगाए हैं, उससे अरविंद केजरीवाल ने उस माटी का अपमान किया, जहां वे पैदा हुए हैं। जैसा बयान अरविंद केजरीवाल ने दिया है उससे लगता है कि चुनाव में संभावित हार को देखते हुए वे अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। इस झूठे और घटिया बयान के लिए वे हरियाणा और दिल्ली की जनता से तुरंत माफी मांगें, नहीं तो हम उनके खिलाफ मानहानि का दावा करेंगे। कल मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने भी दिल्ली में आप पर हमला बोला, उन्होंने कहा कि आज जब मैं गाजियाबाद से दिल्ली आ रहा था, यमुना जी, जो कभी हम सबकी आस्था का प्रतीक थीं, वहां से दुर्गंध आ रही थी, सीवर जैसी दुर्गंध आ रही थी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार के पाप भोगने वाली जनता को जल्द ही पापों से मुक्ति मिलेगी। इससे छुटकारा पाने का एक ही रास्ता है, दिल्ली में भी बीजेपी की सरकार बने। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर आप की सरकार मे पाप का भुक्तभोगी हमारे मथुरा, वृंदावन और आगरावासियों तथा वहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को होना पड़ रहा है। आप ने दिल्ली में जो 10 साल से जो स्थिति बनाई है, आज उसका भुक्तभोगी हम सबको होना पड़ा रहा है। इसी बीच भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन करने वाले अन्ना हजारे का बयान सामने आया है। उन्होंने दिल्ली के मतदाताओं से आग्रह किया कि वे स्वच्छ विचारों और अच्छे चरित्र वाले लोगों को वोट दें जो देश के लिए बलिदान दे सकें और अपमान को सह सकें। अन्ना हजारे ने एक वीडियो शेयर कर यह भी आग्रह किया कि वे बेकार लोगों को वोट न दें, क्योंकि इससे देश नष्ट हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में चुनाव होने जा रहा है, मैं मतदाताओं से स्वच्छ विचारों और चरित्र वाले लोगों को वोट देने का आग्रह करता हूं, जो सत्य के रास्ते पर चलता हो, जो त्याग कर सके।

चार मोती

सुनील उत्सव

"पाप" "दुनिया" "जहर" "सत्ता"

इक पाप बनके रह गया दुनिया के वास्ते।
वो जहर उगलता रहा सत्ता के वास्ते।।
थप्पड़ पड़े उसे कभी कालिख भी है पुती,
वो मसअला बना रहा जनता के वास्ते।

शोक सभा

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे अनुज
कैलाश चंद्र एडवोकेट सुपुत्र स्व0 श्री काशीराम
(पूर्व अध्यक्ष बार संघ खतौली, पूर्व अध्यक्ष बार संघ जानसठ)
दिनांक 27/01/2025, दिन-सोमवार को अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके प्रभु चरणों में विलीन हो गये हैं।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

शोक सभा दिनांक 30 जनवरी 2025
दिन- बृहस्पतिवार, दोपहर 02:00 बजे
स्थानः- साधु भवन, जैन मंदिर, निकट 52, प्रेमपुरी (निज निवास) मुजफ्फरनगर पर होनी निश्चित हुई है।

-: शोकाकुल परिवार :-
जय प्रकाश 'आजाद' (भाई)
दीपक (पुत्र)
52, प्रेमपुरी परिवार, मुजफ्फरनगर
M. 9358408255, 9119721234

जानसठ पुलिस ने अवैध असलहे के साथ आरोपी को भेजा जेल

जानसठ, 28 जनवरी (बु.)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में जानसठ थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में कस्बा जानसठ चौकी इंचार्ज ने अवैध हथियार सहित युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल के निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकारी यतेंद्र नागर के निर्देश पर जानसठ थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव शर्मा व कस्बा चौकी इंचार्ज मोहित तेवतिया की टीम ने अवैध असलाह के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जानसठ व थाना प्रभारी जानसठ राजीव शर्मा ने बताया की मु.अ.सं. 15/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट अभियुक्त अंकुर उर्फ चुंडा पुत्र विरेन्द्र सिंह नि. मौ. बुद्ध बाजार कस्बा व थाना जानसठ मु.नगर को पिमौड़ा पुलिया के पास से मय 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त आपराधिक किस्म का अपराधी है। पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ जानसठ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मियों ने भरी हुंकार

- एकीकृत पेंशन योजना का किया बहिष्कार, जताया विरोध

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बु.)। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सरकारी विभागों, शिक्षकों व कर्मियों ने अपने कार्य स्थल पर अटेवा-एनएमओपीएस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के आह्वान पर एनपीएस और यूपीएस का विरोध करते हुए हूबहू पुरानी पेंशन व्यवस्था को फिर से लागू करने की मांग केंद्र और राज्य सरकार से की। इस दौरान जनपद के शिक्षकों, कर्मियों एवं अफसरों ने भाग लिया। मंगलवार को अटेवा के जिला संयोजक प्रीत वर्धन शर्मा के आह्वान पर इस मुहिम में जनपद के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों, और अधिकारियों ने भाग लिया। पुरानी पेंशन कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा बताते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि वे अपने लक्ष्य प्राप्ति से पूर्व पीछे नहीं हटेंगे। उन्हें एनपीएस संशोधन या यूपीएस या कोई अन्य संशोधित योजना मंजूर नहीं। हमारा संघर्ष केवल और केवल हूबहू पुरानी पेंशन बहाली के लिए है। दोनों योजना कर्मियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। उन्होंने मांग की कि शिक्षकों, कर्मियों, अधिकारियों, सिपाहियों, चिकित्सकों और अर्ध सैनिकबल के जवानों, सफाई कर्मियों एवं अन्य कर्मचारियों की पुरानी पेंशन व्यवस्था जल्द बहाल की जाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी विभागों के संगठन पदाधिकारियों ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के सफल बनाने में मनोज कुमार ,यशपाल अरोड़ा, डॉ. दीपक गर्ग, रमेश चंद्र, सुनील पंवार, विशाल भारद्वाज, संजीव जावला, पुष्पेंद्र पराक्रमी, संजीव बालियान, रविन्द्र नागर, डॉ. संजीव लांबा, डॉ. राहुल कुशवाहा, राहुल चौधरी, डॉ. अमित जैन, अरुण कुमार, कपिल तोमर, कैलाश, हरकेश, चंद्रपाल सिंह, अनिल सिंह, सरिता चौधरी, वंदना बालियान, उषा चौहान, सुचित्रा सैनी, राजश्री, बबीता, शालिनी सिंह, अंजलि गर्ग, संजय राठी, सार्थक शर्मा, कपिल शर्मा, सुरेश चौधरी, अमित कौशिक आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।

ऊर्जा से परिपूर्ण होगा सालासर धाम का वार्षिक उत्सव: नीरज

- नासिक के कलाकर देंगे ढोल मंजीरे के साथ संगीतमय प्रस्तुति

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बु.)। नगर के पचैंडा रोड स्थित श्री सालासर धाम मंदिर के पंचम वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाने के लिए सालासर बालाजी धाम सेवा समिति मंगलवार को भक्तों में काफी उत्साह देखने को मिला। पांच दिवसीय भव्य कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष नीरज बंसल ने बताया कि इस बार श्री सालासर धाम मंदिर का पांचवा वार्षिक उत्सव ऊर्जा से ओत-प्रोत होगा। उन्होंने बताया कि 5 दिवसीय कार्यक्रम के तहत 31 जनवरी को मंदिर प्रांगण से श्री मनोकामना पूर्ण ध्वज यात्रा निकाली जायेगी। वार्षिक उत्सव की जानकारी देते हुए अध्यक्ष नीरज बंसल ने बताया कि 1 फरवरी को बाबा की भव्य शोभा यात्रा ढोल, मंजीरे, डीजे, मनोकामना पूर्ण ध्वजा, गणपति महाराज, राधा-कृष्ण संग ठाकुर जी का बाल रूप, श्री राम दरबार, विशेष आकर्षण इलैक्ट्रिकल हाथी, उज्जैन महाकाल ग्रुप द्वारा अघोरी पूजा व नासिक से आए 51 कलाकारों द्वारा ढ़ोल-मंजीरे के साथ संगीतमय प्रस्तुति मुख्य आकर्षण होगी। वहीं भव्य स्वर्ण रथ पर विराजमान श्री सालासर बाला जी महाराज नगर के मुख्य मार्गों रजवाहा रोड, भोपा रोड, गांधी नगर, कूकड़ा मंडी, पटेल नगर, बिंदल बाजार, भोपा पुल, मालवीय चौक, अंसारी रोड, मोती महल, भगत सिंह रोड, झांसी की रानी, गांधी कॉलोनी से वापस पचैंडा रोड होते हुए मंदिर प्रांगण में संपन्न होगी। बाबा भ्रमण करते हुए नगरवासियों के दुःखों का विनाश कर सभी की मनोकामना को पूर्ण करेंगे। इसके अलावा दो फरवरी को सालासार बालाजी धाम में भव्य जागरण और 3 फरवरी को मन्दिर प्रांगण में श्री हनुमान जी के कृपापात्र श्रीरस राज महाराज के श्रीमुख से सम्पूर्ण सुन्दर काण्ड का पाठ किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 4 फरवरी को मंदिर प्रांगण के भंडारे के साथ पांच दिवसीय भव्य कार्यक्रम का समापन होगा। इस दौरान पवन गोयल, हिमांशु गर्ग, विकास गुप्ता, राजीव बंसल, डॉ. कमल गुप्ता, राजीव वर्मा, विकास गोयल, विपुल गर्ग, रवि कुमार, कार्तिक तायल, नितिन तायल, आशुतोष गर्ग, कार्तिक गोयल, अजय मित्तल, ब्रजमोहन वर्मा, दिनेश कुमार, आयुष बंसल आदि मौजूद रहे।

नोएडा में मारवाड़ी सॉफ्टवेयर के नए कार्यालय का भव्य शुभारंभ

नोयडा, 28 जनवरी (बुस.)। फास्पी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, जिसे मारवाड़ी सॉफ्टवेयर के नाम से जाना जाता है, ने नोएडा के सेक्टर 63 स्थित को-जेन बिजनेस सेंटर में अपने नए कार्यालय का शुभारंभ किया। कंपनी के डायरेक्टर अमन गुप्ता ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। अमन गुप्ता ने इसे कंपनी की विस्तार योजना और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक अहम कदम बताया। मुख्यालय मुजफ्फरनगर में स्थित यह कंपनी 4500 से अधिक व्यवसायों को सेवाएं देती हैं और यूके व यूएई में भी सक्रिय है।

सोलर पावर प्लांट स्थापना को किसानों से ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर आमंत्रित

- आवेदन चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगा

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बु.)। परियोजना प्रभारी यूपी नेडा भजन सिंह ने बताया कि सौर ऊर्जा नीति के अन्तर्गत एमएनआरई भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम कुसुम घटक सी-1 योजनान्तर्गत प्रदेश में किसानों के विभिन्न क्षमता के स्थापित कृषि विद्युत सिंचाई पम्पों को सोलराईजेशन किया जाना है। केन्द्र सरकार द्वारा अनुमन्य 30 प्रतिशत अनुदान के अतिरिक्त अनुसूचित जनजाति, वनटांगिया एवं मुसहर जाति के कृषकों के लिए राज्य अनुदान 70 प्रतिशत अनुमन्य किया गया है। इस प्रकार उक्त जातियों को शत प्रतिशत अनुदान पर संयंत्र स्थापित कराये जाते है। पीएम कुसुम घटक सी-1 योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्रदेश हेतु विभिन्न क्षमता 03 एचपी, 05 एचपी, 7.5 एचपी एवं 10 एचपी के 10,000/- कृषकों के निजी विद्युत सिंचाई पम्पों का अन्य श्रेणी के कृषकों हेतु केन्द्रीय अनुदान 30 प्रतिशत के अतिरिक्त 60 प्रतिशत राज्य अनुदान अनुमन्य है। यानि कुल 90 प्रतिशत अनुदान देय है। शेष 10 प्रतिशत अंशदान कृषकों द्वारा देय होगा। उन्होंने बताया कि इस सोलराईजेशन करने का लक्ष्य तय है। जनपद का लक्ष्य 200 अदद है। जिले में स्थापित मीटर्ड निजी विद्युत सिंचाई पंपों के सोलर पावर प्लांट की स्थापना किसानों से ऑनलाईन आवेदन यूपीनेडा के पोर्टल पर प्राप्त किये जा रहे है। आवेदन का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 7.5 एचपी क्षमता के सिंचाई पम्पों तक के लिए ही अनुदान अनुमन्य है।

अब भाजपा ने अटल स्मृति व संपर्क अभियान की ओर बढ़ाए कदम

- 15 फरवरी से 15 मार्च तक जिला स्तर पर होंगे सम्मेलन

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बु.)। गांधी नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी ने कहा है कि भाजपा के संस्थापक सदस्य भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का हृदय विशालता की ऊँचाइयों पर रहा, जिसके कारण उनसे जो भी मिला वो उनका होकर रह गया। उनकी यह विशेषता काव्य प्रतिभा के धनी होने के कारण थी जो सबके प्रति माँ की ममता दर्शाता था। अटल जी के स्वभाव का विपरीत सोच वाला व्यक्ति भी कायल था। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर अटल स्मृति संकलन एवं सम्पर्क अभियान के तहत जनपद के पत्र प्रतिनिधियों से अपने विचार साझा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत उन पुण्य जिलावासियों के पास जाकर पार्टी पदाधिकारी उन्हें सम्मानित कर उपलब्ध स्मृति को सम्मानपूर्वक उसकी 1 कॉपी लेकर संकलित करेंगे। हम सभी अभियान के तहत उन भाग्यवान व्यक्तियों व कार्यकर्ताओं को भी चिन्हित करेंगे जिन्होंने प्रत्यक्ष रूप से अटल जी के साथ आरएसएस या भाजपा के किसी आनुसंगिक संगठन में कार्य किया हो। ऐसे सभी वरिष्ठजनों को सूचीबद्ध कर सम्मानित करने का कार्य करेंगे। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत अटल जी पर लिखे लेखा पुस्तकों को एकत्रित कर सूचीबद्ध किया जाएगा, जिनमें चुनी हुई जानकारी हम प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करेंगे। इस कार्यक्रम के पश्चात 15 फरवरी से 15 मार्च के बीच जनपद में अटल विरासत सम्मेलन आयोजित किए जाएगे, जिसमें जिले के प्रबुद्धजन सूची बद्ध विशिष्टजन व अटल जी के प्रशंसक आमंत्रित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में अटल जी के साथ कार्य कर चुके कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा। वहीं अटलजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर जिले में जो भी लेख, पुस्तक लिखी गई है, उनके लेखकों को सम्मानित करेंगे। वहीं अटल जी के संगत स्मृतियों की जानकारी डिजिटल प्रस्तुतीकरण होगी। जिलाध्यक्ष ने प्रेस वार्ता के माध्यम से जिले के उन सभी लोगों का आह्वान किया जिनके पास अटल जी से जुड़ी हुई कोई स्मृति, कागजी, ऑडियो या वीडियो के माध्यम में उपलब्ध हो या वे सभी वरिष्ठजन जिन्होंने अटल जी के साथ कार्य किया हो वह भी भाजपा कार्यालय के जारी मो. नंबर 9557673495 पर संपर्क कर अवगत करा सकते हैं।

गली कब्जाने के मामले में हिन्दू संगठन पहुंचे डीएम द्वार

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बु.)। संयुक्त हिंदू मोर्चा की ओर से मंगलवार को हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों न डीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए भू-माफिया इस्लामिया इंटर कॉलेज द्वारा बंद किए रास्ते को खोलने की मांग की। हिंदू नेताओं ने स्पष्ट कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में इस्लामिया इंटर कॉलेज ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर बाग प्यारे लाल मोहल्ले के हिंदुओं का रास्ता बंद कर दिया था, जिस कारण वहां रह रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं का रास्ता बंद हो गया। मंगलवार को डीएम कार्यालय पर पहुंचे हिंदू संगठन के नेताओं ने डीएम को सौंपे शिकायती पत्र में इस्लामिया इंटर कॉलेज प्रबंधन की संपति की जांच किए जाने की मांग करते हुए प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्दी ही सरकारी रास्ते को नहीं खोला गया तो इस्लामिया इंटर कॉलेज में हिन्दू संगठनों द्वारा धरना दिया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से मनोज सैनी संस्थापक अध्यक्ष संयुक्त हिंदू मोर्चा, राधेश्याम विश्वकर्मा विहिप, बाबूराम पाल हिंदू क्रांति दल, डॉ. योगेंद्र शर्मा शिवसेना, बागेश अग्रवाल, प्रमोद वर्मा, विकास अग्रवाल, लोकेश सैनी, बिट्टू सिखेड़ा, सभासद सतीश कुकरेजा, मुकेश आर्य, अनूप राठी, प्रवीण चौधरी, श्याम कुमार आर्य, शिव कुमार शर्मा, राजेश कश्यप, हरेंद्र शर्मा, राजीव गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

तैयारी पूर्ण: सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आज नुमाईश ग्राउंड में बजेगी शहनाई

- एक पंडाल में वैदिक मंत्रों के साथ गूंजेगी कुरान की आयतें

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बु.)। योगी सरकार की पहल पर 29 जनवरी यानि आज को जनपद मुख्यालय पर मेरठ रोड स्थित नुमाईश मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम में करीब 1,000 से अधिक कन्याओं की शादी कराई जाएगी। समाज कल्याण विभाग की ओर से शुरू तैयारियों के बीच बुधवार को होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार एवं राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के साथ जनप्रतिनिधयों को भी आमंत्रित किया गया है। बुधवार को नुमाईश मैदान में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी विनीत कुमार मलिक ने बताया कि इस योजना के तहत जहां अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ अल्पसंख्यक वर्ग व सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का ऑनलाईन पोर्टल निर्गत है, जिस पर पात्र कन्या के द्वारा सामूहिक विवाह के लिए आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह को लेकर बुधवार को जिला स्तर पर बड़ा कार्यक्रम नुमाईश मैदान में कराया जा रहा है, जिसमें इस दौरान पात्र एक हजार से अधिक जोड़ों की शादी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत सरकार की ओर से 35 हजार रुपए कन्या के बैंक खाते में, 10 हजार रुपए विवाह संस्कार सामग्री और छह हजार रुपए व्यवस्था पर खर्च किए जाएगे। इस तरह से प्रत्येक पात्र कन्या को कुल 51 हजार रुपए का लाभ दिया जाएगा।

बड़ौत हादसे पर जैन समाज मुजफ्फरनगर ने किया दुख प्रकट

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बुस.)। मंगलवार को जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ मोक्ष कल्याणक महोत्सव पूरे देश में बहुत ही श्रद्धा व भक्ति के साथ सभी जैन मंदिरों में मनाया जा रहा था। इसी बीच बड़ौत में जैन कॉलेज प्रांगण में मान स्तंभ की पैड टूटने के दुखद हादसे से जैन समाज के कई व्यक्तियों की मौत हो गई व सैकड़ों की संख्या में घायल हुए समाज के लोगों के प्रति जैन समाज मुजफ्फरनगर में भी शोक की लहर दौड़ गई। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेश जैन (गर्ग डुप्लेक्स), व महामंत्री संजय जैन (पारस टीएमटी) ने इस हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया। राजेश जैन ने कहा कि बड़ौत में जैन समाज के साथ जो क्षति हुई है, उसे कभी पूरा नहीं किया जा सकता है। इस हादसे से मुजफ्फरनगर जैन समाज भी बहुत दुखी है। हम सभी इस दुख में बड़ौत जैन समाज के साथ है। उधर भाजपा नेता रोहित जैन ने भी बड़ौत हादसे पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना प्रबंध समिति के सदस्य विप्लव जैन ने भी बड़ौत हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया।

गैलेंट्री अवार्ड से नवाजे गए सीओ कुलदीप अहलावत

बहसूमा, 28 जनवरी (बु.)। बहसूमा कस्बा निवासी उपाधीक्षक कुलदीप कुमार को भारत सरकार की ओर से गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जिससे उनके परिवार सहित कस्बे में खुशी छा गई और उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। बता दें कि बहसूमा कस्बा निवासी कुलदीप कुमार संभल में उपाधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी बहादुरी से बरेली में व्यापारियों के साथ हुई करीब 80 लाख की लूट का खुलासा किया था और दो बदमाशों को भी मार गिराने में अहम भूमिका निभाई थी। सीओ कुलदीप अहलावत को गैलेंट्री पुरस्कार मिलने से परिवार सहित बहसूमा कस्बे व क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई और उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सीओ कुलदीप कुमार का परिवार एक किसान परिवार है। युवाओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए खुशी का इजहार किया है। युवाओं ने कहा कि वह भी कड़ी मेहनत कर कुलदीप की तरह एक प्रसिद्ध खिलाड़ी बनना चाहते हैं। कुलदीप अहलावत वर्तमान में संभल में सीओ के पद पर कार्यरत है।

देश के लिए कई पदक जीत चुके हैं कुलदीप

बहसूमा, 28 जनवरी (बु.)। कुलदीप अहलावत देश के लिए कई पदक जीत चुके हैं। उन्होंने ईरान में इनडोर एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। अब तक राष्ट्रीय चैंपियनशिप के जूनियर-सीनियर वर्ग में 25 स्वर्ण पदक जीते कुलदीप अहलावत ने 2002 में बुसान एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उसके बाद 2002 में श्रीलंका में एशियाई चैंपियनशिप में भी देश के लिए मेडल लिया था।

वर्ष 2003 में उन्होंने बेल्जियम में वर्ल्ड क्रॉस कंट्री में देश का नाम रोशन किया था। 2003 में ही फिलिपींस में एशियाई चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वर्ष 2005 में इंचिओन में एशिया चैंपियनशिप में देश का नाम रोशन किया था। कुलदीप अहलावत सन 2000 से 2006 तक लगातार 5000 और 1500 मीटर वर्ग में नेशनल चैंपियन रहे है।

कुलदीप अहलावत ने सन 2000 में लुधियाना में हुए राष्ट्रीय खेलों में 1500 मीटर में रजत पदक जीता था। उन्होंने सन 2000 में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में 5000 मीटर में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया था। कुलदीप अहलावत को लक्ष्मण अवार्ड से भी नवाजा गया है।

ऑनलाइन शिकायत के नाम पर खाते से लगभग 2.5 लाख रूपये साफ किए

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बु.)। कार सर्विस की शिकायत करने की चाह में एक महिला के खाते से साइबर ठगों ने कई लाख रुपए साफ कर दिये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

शहर के भोपा रोड स्थित गंगा विहार निवासी संतोष शर्मा ने पुलिस को बताया कि कार सर्विस की ऑनलाइन शिकायत करने के लिए एक नंबर पर कॉल की थी। कॉल रिसीव करने वाले ठग ने महिला को अपने जाल में फंसाकर उसके खाते से साढ़े 98 हजार रुपए और डेढ़ लाख रुपए साफ कर दिए। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए पीड़िता ने रकम वापस दिलाने की मांग उठाई है।

मौनी अमावस्या पर ट्रेनों में नो रूम, लखनऊ से प्रयाग का हवाई टिकट दस हजार के पार

लखनऊ, 28 जनवरी (एजेंसी)। मौनी अमावस्या पर शाही स्नान के लिए लखनऊ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज जाएंगे। ऐसे में ट्रेनों की स्लीपर बोगियां फुल हो गई हैं तथा एसी में लंबी वेटिंग चल रही है। वहीं सीधी उड़ान सेवाओं के टिकट 10742 रुपये तक पहुंच गया है। ऐसे में 185 रोडवेज बसों से श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। हालांकि, बस अड्डों व रेलवे स्टेशनों पर मंगलवार को बंपर भीड़ रहेगी। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या है। शाही स्नान होने के चलते प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में हजारों की तादात में श्रद्धालु लखनऊ से प्रयागराज जाएंगे। मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालु मंगलवार से ही रवाना होने शुरू हो

राम रहीम परोल पर रिहा

चंडीगढ़, 28 जनवरी (वार्ता) दो साध्वियों के यौन शोषण और पत्रकार राम चंदर छत्रपति की हत्या को लेकर सजा भुगत रहे डेरा सच्चा सौदा, सिरसा प्रमुख गुरमीत सिह राम रहीम को मंगलवार सुबह रोहतक की सुनारिया जेल से 30 दिनों के परोल पर रिहा किया गया। सूत्रों के अनुसार राम रहीम को सिरसा स्थित डेरे में ले जाया गया। वर्ष 2017 से यह 12वीं बार है जब राम रहीम को परोल/फरलो पर रिहा किया गया है और लगभग रिहाई किसी न किसी चुनाव के समय होती है। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक हैं, जिनके लिए मतदान 05 फरवरी को होना है। पिछली बार हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले राम रहीम को जेल से रिहा किया गया था और तब चुनाव आयोग ने शर्त लगाई थी कि वह हरियाणा में नहीं रह सकता और न ही चुनाव गतिविधियों में, सोशल मीडिया समेत, किसी तरह हिस्सा ले सकता है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति महासचिव गुरचरण सिह ग्रेवाल ने एक वीडियो संदेश में राम रहीम को परोल मिलने पर आपत्ति जताई है और कहा है कि एक तरफ सिख कैदियों को एक घंटे का परोल नहीं मिलता, कई सिख कैदी सजा पूरी होने के बावजूद जेलों में बंद हैं, दष्कर्म के दोषी को बार-बार परोल पर रिहा किया जा रहा है।

रायबरेली में सड़क हादसे में चार लोगों क मौत

रायबरेली 28 जनवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के भदोखर इलाके में मंगलवार सुबह कुम्भ स्नान करने जा रहे कार सवार चार लोगों की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मृत्यु हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सिह ने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे क्वालिस गाड़ी सवार चार लोगो की भदोखर इलाके के मूंशीगंज के दरियापुर डाइवर्जन के पास ट्रैक्टर की चपेट में आकर मौत हो गयी। यह सभी लोगो कुम्भ स्नान करने जा रहे थे। मृतको की पहचान आशीष द्विवेदी (45), दीपेंद्र सिह (40), माया (45) और रजनी (70) के तौर पर की गयी है। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति का एम्स में इलाज चल रहा है। कार में कुल नौ लोग सवार थे जिनमें चार बाल बाल बच गये हैं।

त्रिवेणी में सबसे पहले अमृत स्नान करेंगे नागा संन्यासी

महाकुंभ नगर 28 जनवरी (वार्ता) मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर गंगा,यमुना और अदृशय सरस्वती की त्रिवेणी पर सबसे पहले ब्रह्म मुहूर्त पर भोर चार बजे से महानिर्वाणी अखाड़े के नागा संन्यासी अमृत स्नान करेंगे। मेला प्रशासन के अनुसार महानिर्वाणी अखाड़े के साथ श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा भी स्नान करेगा जबकि सुबह 5.50 पर निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा स्नान करेगा। सुबह 6.45 बजे जूना अखाड़ा, आवाहन अखाड़ा और पंच अग्नि अखाड़ा स्नान करेगा। उन्होंने बताया कि सुबह 9.25 पर बैरागी अखाड़े स्नान करेंगे। सबसे पहले निर्वाणी अनि अखाड़ा स्नान करेगा जिसके बाद 10.05 पर दिगंबर अनि अखाड़ा स्नान करेगा। 11.05 बजे पर निर्मोही अनि अखाड़ा स्नान करेगा और सबसे अंत में उदासीन परंपरा के तीनों अखाड़े स्नान करेंगे। सूत्रों ने बताया कि दोपहर 12 बजे पर पंचायती नया उदासीन अखाड़ा स्नान करेगा जबकि दोपहर 13.05 पर पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन स्नान करेगा और सबसे अंत में पंचायती निर्मल अखाड़ा दोपहर 2.25 पर स्नान करेगा। अखाड़े का स्नान लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। महाकुंभ में 144 साल बाद दुर्लभ शुभ संयोग बन रहा है।

पति से फोन पर बात करने के बाद फांसी पर झूल गई नेहा

बिजनौर, 28 जनवरी (एजेंसी)। फोन पर शौहर से बात करने के बाद नेहा ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसका शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद पुलिस जांच में जुटी है। झालू के गांव खारी में शाहिद की पत्नी नेहा (35) का शव घर में फंदे पर लटका मिला। करीब दो बजे उसकी देवरानी ने खिड़की से शव को लटका देख परिजनों को जानकारी दी। नेहा अपने दो बच्चों के संग खारी में रह रही थी, जबकि उसका पति शाहिद नोएडा में रहकर फर्नीचर का सामान बनाने का काम करता है। बताया गया कि नोएडा निवासी नेहा ने 12 साल पहले प्रेम प्रसंग के चलते शाहिद से शादी कर ली थी। ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार की सुबह नेहा अपने दोनों बच्चों को स्कूल पहुंचाने के बाद घर पहुंची और दुपट्टे से छत के पंखे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसी दौरान छत से उसकी देवरानी नीचे पहुंची। नेहा का शव छत के पंखे से दुपट्टे में लटका हुआ मिला तो उसकी चीख निकल गई। मौके पर पहुंचे मोहल्लेवासियों ने पुलिस को सूचना दी। सीओ सिटी संग्राम सिंह व थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र पाल सिंह चौहान पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ सिटी संग्राम सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। मृतका के दो मोबाइल मौके से बरामद हुए हैं।

झांसी से प्रयागराज जा रही कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन पर पथराव

छतरपुर, 28 जनवरी (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के हरपालपुर स्टेशन पर ट्रेन का गेट नहीं खोलने पर यात्रियों द्वारा कोच में पथराव करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि मौनी अमावस्या को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है। ऐसी स्थिति में जब ट्रेन झांसी से चलकर हरपालपुर के रेलवे प्लेटफार्म पर पहुंची तो ट्रेन के गेट नहीं खोले जा रहे थे। अंदर बैठे यात्रियों ने गेट लॉक कर रखा हुआ था। गेट ने खोलने पर प्लेटफार्म पर मौजूद भीड़ आक्रोशित हो गई और कोच में पथराव कर दिया, जिससे ट्रेन के शीशे टूट गए। इस घटना के बाद ट्रेन में बैठे यात्रियों में भगदड़ मच गई। हरपालपुर थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा ने बताया कि रात करीब दो बजे हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर कुछ लोगों ने पथराव किया था। जानकारी लगने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और समझाइश देकर ट्रेन को रवाना किया, खजुराहो और छतरपुर में भी लोगों ने उपद्रव किया है।

अब ताजा कूड़ा हटवाने को पालिका खर्च करेगी 1.74 करोड़

डम्पिंग साइट पर डल रहा 234 मीट्रिक टन फ्रेश वेस्ट ▸ पालिका ने दिल्ली की कंपनी को दिया चौथी बार ठेका

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बु.)। पालिका परिषद् की ओर से शहरी क्षेत्र से रोजाना निकल रहे 234 मीट्रिक टन फ्रेश वेस्ट का निस्तारण कराना सिरदर्द बना है। इस कूड़े के निदान के लिए पालिका बीते डेढ़-दो वर्ष से प्रयास कर रही है, लेकिन शहर से निकल रहे फ्रेश वेस्ट निस्तारण का मार्ग नहीं निकल पा रहा है। पूर्व में 3 बार इसके लिए निविदा निरस्त हो चुकी है। अब पालिका प्रशासन ने चौथी बार दिल्ली की कंपनी को ठेका दिया है, जो छह माह में फ्रेश वेस्ट का निस्तारण करेगी, जिसके लिए नगरपालिका कंपनी को हर माह 96 हजार का भुगतान करेगी।

शहर के 55 वार्डों से प्रतिदिन निकल रहे 234 मीट्रिक टन कूड़े के निस्तारण को लेकर पालिका प्रशासन परेशान है। इसे दिल्ली की कंपनी एमआईटूसी के माध्यम से किदवईनगर में डम्पिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। बीते दो वर्षों से शहर से निकल रहे फ्रेश वेस्ट के निस्तारण के प्रयास जारी है। इसमें पहले पालिका ने सोलिड वेस्ट सेग्रीकेशन के लिए योजना बनाते हुए सेग्रीकेशन मशीन को खरीदने का प्रस्ताव किया था। ऐसे में अगस्त 2023 में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के आदेश के बाद 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से 500 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता की मशीन खरीदने की कवायद शुरू हुई, इसके लिए 2.36 करोड़ का व्ययानुमान बनाकर मशीन किदवईनगर प्लांट पर स्थापित की जानी थी, लेकिन अगस्त 2023 में मुख्य सचिव के साथ हुई वीसी में पालिका के इस प्रस्ताव के खिलाफ मिले दिशा निर्देश पर डीएम ने कमेटी की बैठक में निरस्त कर दिया, क्योंकि मुख्य सचिव ने फ्रेश कूड़े के निस्तारण का कार्य निविदा आमंत्रित कर करने के निर्देश दिये थे। इसके बाद पालिका ने छह माह के डम्प 42,120 मीट्रिक टन वेस्ट को निस्तारित करने के लिए निविदा मांगी। पालिका ने इसके लिए 3 करोड़ 79 लाख का व्ययानुमान बनाया था। जुलाई 2024 को एक निविदा आने के कारण इसे निरस्त कर दिया। इसके बाद दो बार और निविदा निरस्त हुई और चौथी बार आयुषि हाईजीन एण्ड केयर प्रा. लि. की निविदा को स्वीकार कर लिया गया। इस कंपनी ने 414 रुपये मीट्रिक टन के हिसाब से फ्रेश वेस्ट निस्तारण करने की अपनी सहमति दी। छह माह के वेस्ट के लिए कंपनी को पालिका 96 हजार रुपये प्रतिमाह का भुगतान करेगी। 1 करोड़ 74 लाख 37 हजार 680 रुपये इस पर खर्च होंगे। अब प्रस्ताव 30 जनवरी को प्रस्तावित पालिका बोर्ड की बैठक के लिए एजेंडे में शामिल किया गया है। सदन की स्वीकृति मिली तो कंपनी को कार्यादेश जारी किया जायेगा।

इन्होंने कहा-

पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह का कहना है कि शहर से प्रतिदिन 234 मीट्रिक टन कूड़ा किदवई नगर प्लांट में पहुंचाया जा रहा है। वहां कूड़ा डम्प करने के लिए स्थान बहुत कम पड़ रहा है। ऐसे में यदि फ्रेश वेस्ट के निस्तारण के लिए कदम नहीं बढ़ाया गया तो इसे डंप करने के लिए पालिका के पास कोई स्थान नहीं बचेगा। इसी को दृष्टिगत रखते हुए फ्रेश वेस्ट के प्रसंस्करण, निपटान और निष्कासन के लिए टैंडर कराया गया है, जो पालिका से तय व्यय अनुमान से 50 प्रतिशत से कम दरों पर है।

कूड़े के प्लांट में चोरी की घटना का खुलासा

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बु.)। सोमवार की रात किदवईनगर स्थित कूड़े के प्लांट में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में कबाड़ी भी शामिल हैं, जो चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वालों से सामान खरीदता था। शेरपुर के रहने वाले मौहम्मद नदीम ने सोमवार सुबह को खालापार थाने में जानकारी देते हुए बताया कि देर रात बदमाशों ने किदवईनगर स्थित कूड़े के प्लांट से इंजन व पानी निकालने वाले पम्प का पंखा चोरी कर लिया है। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए रात्रि में ही टीम गठित कर दी थी। मंगलवार सुबह पुलिस टीम ने एटूजेड रोड के पास से आमिर निवासी नबिया करीम मस्जिद किदवईनगर व आशु तथा आदिल निवासी फातिमा मस्जिद किदवईनगर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पुलिस ने दो चाकू

बरामद किये, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि उनके द्वारा कूड़े के प्लांट से चोरी किये गये सामान को खालसा पट्टी सूजडू के रहने वाले कबाड़ी आसिफ उर्फ गुरू को बेच दिया था। पुलिस ने उनकी निशांदेही पर कबाड़ी को गिरफ्तार कर उससे चोरी का सामान भी बरामद कर लिया। आरोपियों का बताना है कि इससे पहले भी वो उसी को सामान बेचा करते थे। पुलिस ने चोरों को आरोपी मानकर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

मंसूरपुर क्षेत्र में अपंजीकृत लैब पर हुई सीलिंग की कार्रवाई

सीएमओ के निर्देश पर हुई उक्त कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बु.)। मंगलवार को सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया के निर्देशन पर प्राप्त शिकायत के आधार पर मंसूरपुर थाना क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक अपंजीकृत पैथोलॉजी लैब का औचक निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी गई। डीएम उमेश मिश्रा के आदेशों के अनुपालन व सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया के निर्देशन में जिले में संचालित अपंजीकृत पैथोलॉजी लैब पर छापामारी का अभियान जारी है। अभियान की कड़ी में मंगलवार को मंसूरपुर क्षेत्र में संचालित अपंजीकृत पैथोलॉजी लैब का संचालन कर रहे व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान के तहत मंसूरपुर क्षेत्र में 01 अपंजीकृत पैथोलॉजी लैब को मौके पर कोई भी वैध पंजीकरण अथवा शैक्षिक अर्हता के अभिलेख ना मिलने तथा कोई भी संतोषजनक जवाब ना मिलने पर मंसूरपुर पुलिस के सहयोग से चिकित्सा अधीक्षक द्वारा सीलिंग की कार्यवाही करते हुए स्वास्थ्य विभाग के नियमानुसार नोटिस निर्गत किया गया। टीम की उक्त कार्यवाही से अपंजीकृत लैब संचालकों में हड़कंप मचा है।

अपहरण और दुष्कर्म के दो मामलों में आरोपियों को दस-दस साल की सजा

मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी (बु.)। तितावी थाना क्षेत्र के एक गांव से 20 नवम्बर 2022 को एक नाबालिग को आरोपी बंटी निवासी धनसैनी ने बहला फुसलाकर उसका अपहरण कर लिया था। आरोपी ने उसे एक स्थान पर रखकर पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। उक्त मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए दस दिन बाद ही पीड़िता को बरामद करने में सफलता हासिल की थी। वहीं शहर कोतवाली क्षेत्र एक गांव की किशोरी का अपहरण 28 अप्रैल 2019 को आरोपी आकाश निवासी बेहड़ा सादात थाना सिखेड़ा ने कर लिया था, इस मामले में आकाश को भी दस साल की सजा व सात हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट भी दाखिल की गई थी। उक्त मामले की सुनवाई विशेष पोक्सो कोर्ट की न्यायाधीश मंजुला भलोटिया की कोर्ट में हुई। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी को दस साल की सजा और बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित करने की सजा सुनाई है। अर्थदण्ड जमा न करने पर अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई। दूसरे मामले में शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी का 28 अप्रैल 2019 को आरोपी आकाश निवासी गांव बेहड़ा सादात थाना सिखेडा ने बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया था। उक्त मामले में आरोपी ने किशोरी के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म भी किया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करते हुए किशोरी को भी बरामद कर लिया था। इस मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट की न्यायाधीश अलका भारती की कोर्ट में हुई। जहां एडीजीसी विक्रांत राठी व दीपक गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि कोर्ट में सुनवाई करते हुए आरोपी आकाश को दस साल की सजा व सात हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

महाकुंभ के लिए मिलेगा सस्ता हवाई सफर, सरकार ने उठाया बड़ा कदम

नई दिल्ली, 28 जनवरी (एजेंसी)। महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए लोगों की बड़ी तादाद में भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में फ्लाइट की बढ़ती कीमतों को देखते हुए सरकार एक्टिव हो गई है। सरकार अब इस पर नकेल कसने की तैयारी में है। सरकार ने सोमवार को कहा कि प्रयागराज की उड़ानों के किराये को सस्ता बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि महाकुंभ के मद्देनजर बढ़ी हुई यातायात मांग को पूरा करने के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ा दी गई है। प्रयागराज में 26 फरवरी तक महाकुंभ चलेगा। प्रयागराज के लिए हवाई किराये में बढ़ोतरी को लेकर चिंताओं के बीच विमानन नियामक डीजीसीए के अधिकारियों ने पिछले हफ्ते एयरलाइन प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उनसे उड़ानें बढ़ाने और टिकट की कीमतों को युक्तिसंगत बनाने का आग्रह किया गया। इस समय अलग अलग भारतीय शहरों से प्रयागराज के लिए लगभग 80,000 मासिक सीटों के साथ 132 फ्लाइट उड़ान भर रही हैं। मंत्रालय ने बयान में कहा कि श्रीनगर और विशाखापत्तनम सहित 26 शहर सीधी और रूकने के साथ उड़ानों के जरिये प्रयागराज से जुड़े हैं। बयान के मुताबिक विमानन मंत्री के राम मोहन नायडू ने एयरलाइन कंपनियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि हवाई किराये नियंत्रण में रखें। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। हवाई यात्रा की मांग बढ़ जाती है।

महाकुंभ जाने लिए रायबरेली रेलवे स्टेशन पर टूटी भीड़

रायबरेली, 28 जनवरी (एजेंसी)। मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में स्नान को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ बछरावां, ऊंचाहार और रायबरेली रेलवे स्टेशन पर टूट पड़ी। संगम स्पेशल और त्रिवेणी रद्द होने से भी ट्रेनों में सफर को लेकर मारामारी रही। बछरावां रेलवे स्टेशन पर शाम आठ बजे जब गंगा गोमती आई तो उसमें चढ़ने के लिए श्रद्धालुओं दौड़ पड़े। ट्रेन भरी होने से सीट न मिलने और बोगी का गेट न खोलने से यात्रियों ने जमकर हंगामा करने के साथ मारपीट की। करीब दस मिनट तक ट्रेन खड़ी रही। आरपीएफ ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रण में किया। वहीं 200 यात्रियों ने हंगामा कर पैसा वापस करने की मांग की। इस पर लखनऊ कंट्रोल रूम से संपर्क साधा गया और विशेष ट्रेन भेजने को कहा गया। इसी तरह रायबरेली स्टेशन पर भी ट्रेन से सफर करने के लिए यात्रियों ने हंगामा किया। किसी तरह सभी को शांत कराया गया।

कंधा टकराने पर युवक को चाकू से काट डाला, पिता और भाई पर भी हमला

सहारनपुर, 28 जनवरी (एजेंसी)। देवबंद के लबकरी गांव में पड़ोसी और उसके साथियों ने घर में घुसकर चाकू से गोदकर युवक की हत्या कर दी। हमले में मृतक का पिता और भाई भी घायल हो गया। पड़ोसी के साथ युवक का रास्ते से गुजरते समय कंधा टकरा गया था, जिसके चलते हत्याकांड को अंजाम दिया गया। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। लबकरी गांव निवासी अनस (19) पुत्र असलम मंगलवार शाम गली से गुजर रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी पड़ोसी से कहासुनी हो गई। उस समय तो मामला निपट गया। आरोप है कि कुछ देर बाद पड़ोसी अपने चार साथियों को साथ लेकर अनस के घर पहुंच गया और गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर उन्होंने अनस पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। साथ ही चाकू से भी वार किया। पेट व शरीर के अन्य हिस्सों में चाकू लगने से वह गिर गया। इसी दौरान उसका पिता असलम और भाई मोहसिन बीच बचाव को आए। हमलावरों ने उन पर भी लाठी-डंडों से वार किए, जिसमें वह घायल हो गए। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गए। परिजनों ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद अनस को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि अनस का गली से गुजर रहे व्यक्ति के साथ कंधा टकरा गया था, जिसे लेकर उनके बीच कहासुनी हुई थी। असलम के दो पुत्र हैं। बड़ा बेटा सऊदी अरब में काम करता है। जबकि छोटा बेटा अनस उसके साथ खेती करता था। इसके साथ ही अनस ने वैल्डिंग का काम भी सीखा हुआ था। खेती में काम कम होने पर वह देवबंद में एक दुकान पर वैल्डिंग करता था। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि हमलावर पक्ष के कई लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पीड़ित पक्ष की तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

कैराना में खुले जाल से गिरकर बालक की मौत

शामली, 28 जनवरी (एजेंसी)। मोहल्ला कुरैशियान निवासी साजिद कुरैशी की पंजाब के लुधियाना में कपड़े की दुकान है। साजिद का बड़ा बेटा 12 वर्षीय आकिब बुधवार को ही पंजाब से वापस आया था। सोमवार शाम करीब 6.30 बजे आकिब अपने मकान की तीसरी मंजिल पर खेल रहा था। साजिद ने बताया कि तीसरी मंजिल पर छत के जाल में कुछ स्थान खाली था, जिस पर बारिश से बचने के लिए प्लास्टिक की तिरपाल डाल रखी थी। आकिब खेलते हुए जाल के ऊपर चला गया। जैसे ही उसने तिरपाल के ऊपर पैर रखा तो वह तीन मंजिल से नीचे आकर गिरा। आकिब को शामली डाक्टर के पास ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं बालक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। देर रात शव को कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। आकिब मोहल्ले में स्थित प्राइवेट स्कूल में कक्षा दो में पढ़ता था। आकिब का एक भाई व दो बहनें हैं। मौत पर उसके पिता साजिद व मां का रो रो कर बुरा हाल था। वहीं बालक की मौत पर पूरे मोहल्ले में शोक छाया हुआ है।

कबाड़ी के घर में विस्फोट से बुजुर्ग की मौत, शरीर के चीथड़े उड़

कानपुर, 28 जनवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के कानपुर से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। कानपुर में मंगलवार दोपहर संदिग्ध हालत में विस्फोट हो गया। विस्फोट की तीव्रता इतनी तेज थी कि कबाड़ का काम करने वाले बुजुर्ग के चीथड़े उड़ गए। इसके साथ ही उसका पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया। कबाड़ का काम करने वाले बुजुर्ग के हाथ-पैर और चेहरे की धज्जियां उड़ गईं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस, फोरेंसिक टीम और बम निरोधक दस्ता जांच में जुटा है। रेल बाजार थाना क्षेत्र स्थित फेथफुलगंज में गोरा कब्रिस्तान में रहने वाले मो रऊफ (65) कबाड़ का सामान छांट रहा रहे थे। इसी दौरान अचानक विस्फोट हो गया। धमाके का विस्फोट इतना जोरदार था कि आसपास के घरों की दीवारों का प्लास्टर उखाड़ गया, खिड़कियों के शीशे चटक गए। वहीं रऊफ के चीथड़े उड़ गए। डीसीपी श्रवण कुमार ने बताया कि मैंने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। मृतक का छोटा सा घर है और घर में भी कबाड़ पड़ा हुआ है। बगल में उनके बेटे रहते हैं, वह भी कबाड़ का काम करते हैं। प्रथम दृष्टया देखने से लगता है कि विस्फोट हुआ है, बॉडी और ब्लड इसी तरफ इशारा कर रहे हैं। हालांकि कुछ ऐसा मैटेरियल नहीं मिला है कि यह क्लियर हो सके कि किस तरह का विस्फोट था। स्थानीय लोगों ने सिलिंडर का विस्फोट बताया था, लेकिन उससे संबंधित कुछ नहीं मिला है। हमारी टीम निरीक्षण के लिए आ रही है, देखेगी कि कबाड़ में तो कोई ऐसा मैटेरियल नहीं आ गया है। इसकी वजह से विस्फोट हुआ हो। विस्फोट भीषण था, जिसकी वजह से बॉडी का चेहरा डैमेज हुआ है। जो कबाड़ पड़ा हुआ है उसमें क्या मैटेरियल पड़ा था, यह हमारी एक्सपर्ट की टीम देखेगी।

कच्ची शराब की भट्टी के साथ दो गिरफ्तार

भोपा, 28 जनवरी (बु.)। खादर क्षेत्र में गांव अलमावाला के जंगल में पुलिस ने खादर क्षेत्र में छापेमारी करते दो आरोपियों को भट्टी पर कच्ची शराब बनाते गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनका एक साथी भाग गया। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में कच्ची शराब व बनाने के उपकरण भी बरामद किए।

प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक शीषपाल सिंह ने पुलिस टीम के साथ खादर क्षेत्र में अलमावाला के जंगल में छापेमारी करते हुए दो आरोपियों को भट्टी पर कच्ची शराब बनाते गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनका एक साथी खेतों में भाग गया। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण, प्लास्टिक की कैन, ड्रम लोहे, नली, बाल्टी, कनस्तर, एक प्लास्टिक का बोरा आदि सामान बरामद किया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अंकित पुत्र मदन सिंह निवासी ग्राम चमरावाला थाना पुरकाजी व निर्वेश पुत्र संजय कुमार निवासी ग्राम बढ़ीवाला थाना पुरकाजी बताया। पुलिस मौके से बरामद लहन को मौके पर नष्ट कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा है।

भारत के अल्पसंख्यक कब स्वीकार करेंगे कि उनके पूर्वज राम थे : योगी

लखनऊ, 28 जनवरी (वार्ता) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम देश में भगवान राम को पूर्वज माना जाता है मगर वोट बैंक की शिकार देश की सबसे बड़ी अल्पसंख्यक आबादी क्या यह स्वीकार करेगी कि उनके पूर्वज 'राम' थे। श्री योगी ने यहां एक निजी चैनल के कार्यक्रम में कहा ह्न इंडोनेशिया दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश है, वहां के राष्ट्रपति अपने भारतीय डीएनए पर गर्व करते हैं। उनका नाम भी संस्कृत से प्रेरित है। इंडोनेशिया में राम को पूर्वज माना जाता है, गरुड़ उनकी राष्ट्रीय एयरलाइंस है, गणपति उनकी मुद्रा पर है और रामलीला उनका राष्ट्रीय त्योहार है। भारत में रहकर, इस धरती का उपभोग करने वाली बड़ी आबादी, जो दुर्भाग्य से केवल वोट बैंक बनकर रह गई है, क्या वे स्वीकार कर पाएंगे कि उनके पूर्वज राम थे। मुख्यमंत्री ने भारत के अल्पसंख्यकों को अपने पूर्वजों पर गर्व करने की सलाह दी। उन्होंने इंडोनेशिया का उदाहरण देते हुए कहा कि एक बड़ा इस्लामिक राष्ट्र भगवान राम को अपना पूर्वज मानता है, इस पर वह गर्व करता है, क्या भारत के अल्पसंख्यकों की एक बड़ी आबादी इस सच को स्वीकार कर पाएगी कि उनके भी पूर्वज राम थे।

वक्फ कानून में बदलाव पर विपक्षी नेताओं द्वारा दी जा रही चेतावनियों पर मुख्यमंत्री ने कहा ह्न समय की जरूरत के अनुसार वक्फ कानून में बदलाव हो रहा है। मुझे खुशी है कि संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने इस संशोधन पर काम किया है। उम्मीद है कि अगले सत्र में इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी बदलाव का उद्देशय समाज में पारदर्शिता और न्याय को सुनिश्चित करना है। जैसे देश में सीएए लागू हुआ है वैसे ही वक्फ बिल में संशोधन के बाद इसे भी लागू कर दिया जाएगा। सीएए से आज हमारे पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को देश में नागरिकता मिल रही है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में संभव हुआ है। उन्होने कहा कि वक्फ की कोई जमीन नहीं होती है, यह राजस्व की जमीन है। उत्तर प्रदेश में वक्फ ने एक लाख 27 हजार संपत्तियों पर अपना दावा किया था, जिसे हमने जांच कराया वह सिर्फ 7 हजार ही है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति राजस्व की होती है वहां थाने बने या अन्य सार्वजनिक उपयोग या प्रशासनिक उपयोगी के भवन किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए और संभल में किसी ने आपत्ति भी नहीं की। संभल की शाही जामा मस्जिद को लेकर छिड़े विवाद पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराणों में संभल का उल्लेख है। आईन-ए-अकबरी के अनुसार, मीर बाकी ने श्रीहरि का मंदिर तोड़कर वहां मस्जिद बनाई थी।

उन्होंने कहा कि हम हर जगह मंदिर नहीं तलाश रहे हैं, लेकिन जहां ऐतिहासिक साक्षय मौजूद हैं, वहां सच को सामने लाना जरूरी है। मुख्यमंत्री योगी ने ओवैसी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भारत के पौराणिक ग्रंथ हमारे सामने इस बात के प्रमाण हैं कि श्रीहरि विष्णु का 10वां अवतार कहां पैदा होना है। 3500 वर्ष से 5000 वर्ष के दौरान ग्रंथों की रचना हुई है। इस्लाम का जन्म हुए 1400 वर्ष हुए हैं, हमें इससे कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि पुराणों के बारे में हो सकता है कि ओवैसी या अन्य लोगों को भरोसा न हो, लेकिन कम से कम आइन-ए-अकबरी देखें। वह तो इस बात का उल्लेख कर रहा है और वहां पर जो कुछ भी उत्खनन में सामने आ रहा है, वह इस बात को प्रमाणित करता है कि वहां पर कोई पौराणिक नगरी थी। पुरातात्विक अवेशषों के आधार पर हम कह सकते हैं कि यह संभल नगरी वही है, जो पुराण उल्लेख करता है। परंपरागत लोगों की आस्था वहां पर है। अगर यह तमाम चीजें वहां पर सामने आ रही हैं तो मुझे लगता है कि उनको इस सच्चाई को स्वीकार करने की हिम्मत भी करनी चाहिए।

दिल्ली दंगे के आरोपी ताहिर हुसैन को चुनाव प्रचार करने की मंजूरी

नई दिल्ली, 28 जनवरी (एजेंसी)। साल 2020 में दिल्ली में हुए दंगों के आरोपी और पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए कस्टडी पैरोल की मंजूरी दे दी है। इसके बाद ताहिर हुसैन को पुलिस हिरासत में चुनाव प्रचार करने की छूट मिल गई है। ताहिर हुसैन दिल्ली की मुस्तफाबाद सीट से एआईएमआईएम पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। ताहिर हुसैन ने पूर्व में सुप्रीम कोर्ट में चुनाव प्रचार के लिए जमानत देने की याचिका दायर की थी, लेकिन इसकी मंजूरी नहीं मिल पाई थी। अब उन्होंने पुलिस हिरासत में ही चुनाव प्रचार करने देने की इजाजत सुप्रीम कोर्ट से मांगी थी। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मंजूर कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने दोपहर दो बजे दिए अपने आदेश में ताहिर हुसैन को कस्टडी पैरोल देने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने ताहिर हुसैन को 29 जनवरी से 3 फरवरी तक कस्टडी पैरोल दी है। इस दौरान उनकी हिरासत पर जो भी खर्च होगा, उसे ताहिर हुसैन को ही वहन करना होगा। इसमें दिल्ली पुलिस के कर्मचारियों का खर्च, जेल वाहन और एस्कॉर्ट वाहन का खर्च भी शामिल है।

सरकारी भूमि में बनी अवैध कॉलोनी को एसडीएम ने ध्वस्त कराया

▸ जिलाधिकारी के निर्देश पर हुई कार्यवाही ▸ प्रॉ